जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

अजमेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 2627612, 2427249 फैक्सः- 0145-2624665 वर्षः 36 संख्याः 244 प्रभात अजमेर, सोमवार 13 अप्रैल, 2026 आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## इस्लामाबाद वार्ता फेल होने से ईरान नुकसान में नहीं है

### ईरान का होर्मुज़ स्ट्रेट पर नियंत्रण बरकरार रहेगा तथा अब वह अपना न्यूक्लियर प्रोग्राम जारी रख सकेगा और निर्बाध रूप से इसे आगे बढ़ा सकेगा

- वार्ता फेल होने का एक प्रमुख कारण यह था कि दोनों पार्टियाँ, अलग-अलग उम्मीदों, किसी हद तक विपरीत आशाओं के साथ, वार्ता करने आई थीं।
- अमेरिका फटाफट अंतरिम समाधान चाहता था, जिससे युद्ध को चुपचाप दफन किया जा सके। दूसरी ओर ईरान, एक बहुत बड़ी और भारी टीम के साथ आया था, विचारों का लंबा आदान-प्रदान और सौदेबाजी करके अपनी मांगों को मनवाने के लिए।
- एक मजे की बात यह भी है कि ईरान ने राष्ट्रपति ओबामा की सरकार के साथ अंतर्राष्ट्रीय ''एग्रीमैंट'' किया था, न्यूक्लियर प्लांट्स के बारे में और जिसे ट्रंप ने दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद आनन-फानन में रद्द कर दिया। ट्रंप का यह कृत्य अब अमेरिका को भारी पड़ रहा है। एग्रीमैंट रद्द हो जाने के बाद अब ईरान पूर्णतया स्वतंत्र है, न्यूक्लियर प्रोग्राम जारी रखने के लिए। वो अब यूरेनियम का परिष्करण केवल 36 प्रतिशत ही करने को बाध्य नहीं है और उसपर यह शर्त भी लागू नहीं है कि उसका न्यूक्लियर प्रोग्राम केवल पावर प्लांट्स चलाने तक सीमित रहे।

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 12 अप्रैल। रविवार को अमेरिका-ईरान वार्ता अचानक बिना किसी समझौते के खत्म हो गई, जो कोई असामान्य बात नहीं थी। इसके उलट, अगर जल्दी कोई समाधान निकल आता तो वह ज्यादा हैरान करने वाला होता।

असल में, पिछले पचास वर्षों से अमेरिका और ईरान के बीच चली आ रही कड़वी दुश्मनी पहली आमने-सामने की बैठक में खत्म होना आसान नहीं था। इतनी उच्च स्तर की बैठक से पहले जरूरी कूटनीतिक तैयारी भी पूरी तरह नहीं की गई थी। जल्दबाजी में हुई इस बैठक का असफल होना लगभग तय था।

इस बातचीत के असफल होने के बाद, अगर अमेरिका-इज़रायल तुरंत फिर से हमला शुरू नहीं करते, तो ईरान को सबसे बड़ी राहत मिलेगी। वह होर्मुज़ स्ट्रेट पर अपना नियंत्रण बनाए रखेगा और वहां से गुजरने वाले जहाजों से शुल्क भी वसूल सकता है। साथ ही, वह अपने परमाणु संयंत्रों को फिर से बना सकता है और अपने परमाणु कार्यक्रम को बिना रुकावट जारी रख सकता है।

दोनों पक्ष अलग-अलग उम्मीदों और रणनीतियों के साथ बातचीत में आए थे। अमेरिका जल्दी समाधान चाहता था, यानी किसी तरह का अस्थायी समझौता, जिससे टकराव खत्म हो सके।

ईरान के विदेश मंत्रालय ने इस वार्ता को अविश्वास, शक और खराब भावना से भरा बताया। अमेरिका ने ईरान से ईमानदारी से बातचीत करने की अपील की थी।

ईरान एक बड़ी वार्ता टीम के साथ आया था और वह लंबी बातचीत तथा कड़ा मोलभाव करना चाहता था, ताकि उसकी मुख्य मांगों को मान्यता मिल सके। इनमें उसके परमाणु कार्यक्रम के अधिकार को अमेरिका द्वारा स्वीकार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अमेरिका हमारा भरोसा नहीं जीत सका- ईरान

तेहरान/इस्लामाबाद, 12 अप्रैल। अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में आयोजित शांति वार्ता नाकाम होने के बाद दोनों ही देशों के प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान से अपने अपने देशों के लिए निकल चुके हैं। इस शांति वार्ता को लेकर ईरानी संसद के स्पीकर बाघर गालिबफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई पोस्ट में जानकारियां दी हैं। उन्होंने कहा है कि

- ईरान संसद के स्पीकर ने कहा कि अमेरिका ने हमारे तर्क समझ लिए, अब उसे तय करना है, हमारा भरोसा जीत सकता है या नहीं।

अमेरिका ईरान का भरोसा जीतने में नाकाम रहा है। उन्होंने लिखा बातचीत से पहले मैंने इस बात पर जोर दिया था कि हमारे पास जरूरी अच्छी नीयत और इच्छाशक्ति है, लेकिन पिछले दो युद्धों के अनुभवों की वजह से हमें दूसरी तरफ वाले पर कोई भरोसा नहीं है।

उन्होंने आगे लिखा ईरानी प्रतिनिधिमंडल में मेरे साथियों मिनाब168 ने आगे की सोच वाली पहल की, लेकिन दूसरी तरफ वाला आखिरकार इस बातचीत के दौर में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ को पूरी तरह ब्लॉक करेगा अमेरिका?

### अगर ईरान के जहाज भी स्ट्रेट से बाहर नहीं आ पाएंगे तो, ईरान भी अपना तेल बेच नहीं पाएगा अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में

- अमेरिका के पास, इस्लामाबाद में वार्ता फेल होने के बाद अब केवल यह ही एक विकल्प बचा, ईरान को घुटनों पर लाने के लिए।
- इस ब्लॉकेड से ईरान की दूसरी आमदनी, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ का उपयोग करने वाले जहाजों से दो मिलियन डॉलर प्रति जहाज ''टोल'' वसूल करने की योजना भी खटाई में पड़ जाती है।
- कुछ जानकार तो अब यह तक कह रहे हैं कि अगर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ को पूरी तरह ब्लॉक करने का प्लान अमेरिका पहले ही काम में ले लेता, तो बिना युद्ध करे ईरान को ''समर्पण'' की स्थिति में ला सकता था।

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 12 अप्रैल। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ बातचीत विफल होने के बाद होर्मुज़ स्ट्रेट को बंद करने का वादा किया है। यह एक दोधारी तलवार है, जो अंत में ईरान को झुका सकती है। लेकिन यह डॉनल्ड ट्रंप की हार को भी दिखाता है।

स्पष्ट है कि अमेरिका की बड़ी सैन्य ताकत के बावजूद ट्रंप होर्मुज़ स्ट्रेट को खोल पाने में सक्षम नहीं हैं। यह एक बहुत महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग है, जिससे दुनिया का लगभग पाँचवां हिस्सा तेल गुजरता है। इस स्ट्रेट के तट पर ईरानी सेना इतनी मजबूत स्थिति में है कि अमेरिकी नौसेना और बड़े जहाज भी इस क्षेत्र में जाने की हिम्मत नहीं कर पा रहे हैं।

ईरान ने होर्मुज़ को चुनिंदा तरीके से बंद कर रखा है, जिससे अमेरिका के सहयोगी देश अपने जहाज इस रास्ते से नहीं भेज पा रहे हैं। ईरान की इस नीति, कभी रोकना और कभी जाने देना, की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई है।

इससे ईरान को बड़ा फायदा हो रहा है। वह दूसरों को अपने तेल को होर्मुज़ के रास्ते ले जाने नहीं दे रहा है। इसके अलावा, ईरान उन जहाजों से भारी शुल्क भी वसूल रहा है, जो इस रास्ते से गुजरते हैं, प्रति जहाज 20 लाख डॉलर से भी अधिक।

अगर इस स्ट्रेट को पूरी तरह बंद कर दिया जाए और ईरानी जहाजों को भी गुजरने न दिया जाए, तो यह ईरान के लिए बड़ा झटका होगा। वह अपना तेल बेच नहीं पाएगा और न ही जहाजों से शुल्क वसूल पाएगा।

अगर अमेरिका ने ईरान के साथ सीधा युद्ध करने के बजाय, पहले ही होर्मुज़ को बंद कर दिया होता, तो इतने महंगा युद्ध और मानव जीवन की भारी हानि से बचा जा सकता था।

इसका असर अमेरिका के एक और विरोधी देश पर भी पड़ेगा। चीन अपनी बड़ी तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए काफी हद तक ईरान पर निर्भर है। अगर होर्मुज़ बंद हो जाता है, तो ईरान के बाद सबसे ज्यादा नुकसान चीन को होगा। यह बीजिंग में होने वाले डॉनल्ड ट्रंप और शी जिनपिंग के प्रस्तावित शिखर सम्मेलन से पहले एक बड़ा मुद्दा बन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पुतिन ने ईरान-अमेरिका शांति वार्ता में मध्यस्थता की पेशकश की

### ईरान के राष्ट्रपति से फोन पर वार्ता में पुतिन ने मध्य पूर्व के शांति समझौतों में सहयोग का ऑफर दिया

- यह माना जा रहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका को मध्यस्थ लिया गया था, अतः अब अमेरिका को रूस के प्रस्ताव को नकारना मुश्किल होगा।

मॉस्को, 12 अप्रैल। पाकिस्तान में ईरान-अमेरिका की वार्ता बेनतीजा होने की घोषणा के बाद रूस ने मध्यस्थ बनने की इच्छा जताई है। खुद रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने आज ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से फोन पर बात की और ये ऑफर दिया।

इंटरफैक्स समाचार एजेंसी ने बताया कि पुतिन ने कहा कि रूस मध्य पूर्व में शांति समझौते में सहयोग जारी रखने के लिए तैयार है। क्रेमलिन ने दोनों नेताओं की बातचीत का विवरण देते हुए बताया कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संघर्ष के राजनीतिक और राजनयिक समाधान की खोज में और अधिक सहयोग देने तथा मध्य पूर्व में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति प्राप्त करने के प्रयासों में मध्यस्थता करने की अपनी तत्परता पर जोर दिया।

सवाल ये है कि ईरान अगर राजी भी हो जाता है तो क्या अमेरिका इसके लिए मानेगा? हालांकि, इसमें बहुत ज्यादा दिक्कत इसलिए नहीं है कि रूस ने यूक्रेन के मसले में अमेरिका को मध्यस्थ मान लिया है और अमेरिका के जरिए ही रूस-यूक्रेन के बीच बात हो रही है। ये भी हो सकता है कि पुतिन ने ये ऑफर या तो ईरान के आग्रह पर दिया होगा या इसमें अमेरिका की भी रजामंदी होगी। हालांकि, कुछ दिनों में ये क्लियर हो जाएगा कि अमेरिका-ईरान पुतिन के ऑफर को स्वीकार करते हैं या नहीं।

## भाजपा ने शिवराज सिंह को बिहार में पर्यवेक्षक बनाया

नई दिल्ली, 12 अप्रैल। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के राज्यसभा का सदस्य बनने के बाद बिहार में मुख्यमंत्री पद के लिए सरगर्मियां तेज हो गई हैं। रविवार को भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने बिहार में पार्टी विधायक दल के नए नेता के चयन के लिए केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पर्यवेक्षक बनाया है। उनकी मौजूदगी में विधायक दल की बैठक होगी, जहां नए नेता के नाम पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## भाजपा ने लोकसभा-राज्यसभा में व्हिप जारी किया

नई दिल्ली, 12 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी विशेष संसद सत्र को लेकर अपने सभी सांसदों के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। पार्टी ने लोकसभा और राज्यसभा के सभी सदस्यों के लिए तीन लाइन का व्हिप

- महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पर विशेष संसद सत्र में 16 से 18 अप्रैल तक सभी सासदों व मंत्रियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

जारी करते हुए 16 से 18 अप्रैल तक सदन में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा है।

पार्टी की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि इस अवधि के दौरान किसी भी सांसद या केन्द्रीय मंत्री को छुट्टी नहीं दी जाएगी। सभी सदस्यों को लगातार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## प्रसिद्ध गायिका आशा भोसले का निधन

### आज दोपहर 4 बजे मुंबई के शिवाजी पार्क में उनका दाह संस्कार किया जाएगा

नयी दिल्ली, 12 अप्रैल। सिंगर आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन हो गया है। रविवार दोपहर मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्हें शनिवार शाम को यहां भर्ती किया गया था।

ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल के डॉ. प्रतीत समदानी ने बताया कि आशा भोसले को कई मेडिकल समस्याएं थीं और मल्टी-ऑर्गन फेल्योर यानी कई अंग फेल होने के कारण उनका निधन हुआ।

उनके पुत्र आनंद भोसले ने अस्पताल के बाहर मीडिया को बताया कि रविवार दोपहर को उनकी मां आशा भोसले अपने नश्वर शरीर को छोड़ कर अनंत यात्रा पर चलीं गईं। सोमवार को दिन में 11 बजे से लोग उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन करेंगे और अपराह्न चार बजे शिवाजी पार्क स्थित श्मशान में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्टि की जाएगी।

आशा भोसले का जन्म 8 सितंबर 1933 को गोआर, सांगली में हुआ था। उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर मराठी और कोंकणी थे। उनकी माता शेवंती (गुजराती) थीं। आशा भोसले के पिता एक सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायक और मराठी संगीत मंच पर अभिनेता थे।

नौ साल की उम्र में उनके पिता का देहांत हो गया और उनका परिवार पुणे



से कोल्हापुर और फिर मुंबई चला गया। परिवार का भरण-पोषण करने के लिए उन्होंने और उनकी बड़ी बहन लता मंगेशकर ने फिल्मों में गाना और अभिनय करना शुरू कर किया था।

आशा भोसले का एक और गुण था, खाना पकाना। एक बार एक समाचार पत्र को दिए एक इंटरव्यू में जब उनसे पूछा गया कि अगर उनका गायन करियर सफल नहीं होता तो क्या होता, तो उन्होंने कहा था, ''मैं बावर्ची बन जाती। मैं चार घरों में खाना बनाकर पैसे कमा लेती।'' उन्होंने दुबई, कुवैत, आबू धाबी, दोहा, बहरीन और काहिरा में रेस्तरां खोला था। रेस्तरां की इस श्रृंखला की देखरेख वाफी ग्रुप करता है।

आशा भोसले ने आठ दशकों में 12 हजार से अधिक गीत गाये और तीन पीढ़ि यों की नायिकाओं को उन्होंने अपनी आवाज़ दी। उन्हें अपने शानदार करियर में अनगिनत पुरस्कार और सम्मान मिले जिनमें प्रमुख 9 फिल्मफेयर अवॉर्ड्स (7 सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका सहित), दो

- आठ दशक के संगीत-जीवन में आशा ने 12 हजार से अधिक गीत गाये और तीन पीढ़ियों की नायिकाओं को अपनी आवाज़ दी। उन्होंने 9 फिल्म फेयर अवार्ड, दो राष्ट्रीय पुरस्कार, दादा साहब फाल्के पुरस्कार तथा पद्म विभूषण पुरस्कार प्राप्त किया।

राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, 2000 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार और 2008 में पद्म विभूषण शामिल हैं। 2001 में उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया गया। वर्ष 2011 में संगीत इतिहास में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## होर्मुज़ पर टोल देने वाले जहाजों को रोकेंगे- ट्रंप

वॉशिंगटन, 12 अप्रैल। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। पाकिस्तान में हुई नाकाम शांति वार्ता के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने बेहद सख्त और तीखा बयान जारी किया है, जिसने वैश्विक राजनीति में हलचल मचा दी है। ट्रंप ने आरोप लगाया कि

- शांति वार्ता विफल होने के बाद ट्रंप ने तीखी प्रतिक्रिया दी।

ईरान ने होर्मुज़ जलडमरूमध्य खोलने का वादा किया था, लेकिन जानबूझकर उसे तोड़ा, जिससे दुनिया भर में आर्थिक अस्थिरता, डर और संकट की स्थिति पैदा हो गई है। उनके मुताबिक, यह कदम अंतरराष्ट्रीय व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति के लिए गंभीर खतरा बन चुका है और ईरान की गैर-जिम्मेदार हरकतों ने वैश्विक व्यवस्था को चुनौती दी है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका की नौसेना होर्मुज़ जलडमरूमध्य में आने-जाने वाले सभी जहाजों की निगरानी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कोलकाता का ''भद्रलोक'' एस.आई.आर. (वोटर लिस्ट शुद्धिकरण) को बुरा तो नहीं मानता, पर कुछ बेचैनी सी ज़रूर है

### भद्रलोक, जिसका, बंगाल विशेषकर कोलकाता के राजनीतिक सोच पर भारी असर होता है, ममता बनर्जी से कुछ मोह भंग की स्थिति में है

- यह मनःस्थिति, शहरी कोलकातावासी की एस.आई.आर. के बारे में राय में भी प्रतिबिंबित हो रही है।
- पंद्रह साल के लगातार शासन के बाद ममता बनर्जी सरकार के प्रति कुछ निराशा होना तो स्वाभाविक भी है, तथा सरकार के भ्रष्टाचार के कई स्कैम भी सामने आए हैं।
- आर.जी. कर हॉस्पिटल काण्ड व संदेशखाली की घटनाओं से यह भावना भी फैली है कि ममता सरकार बंगाली संस्कृति की शालीनता को खत्म करती जा रही है। इस पतन को रोकने के लिए एस.आई.आर. प्रक्रिया का पूरा होना, वोट बैंक की राजनीति को तोड़ने के लिए ज़रूरी है।

**- जाल खंबाता -**
**- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -**

नई दिल्ली, 12 अप्रैल। कोलकाता की सामाजिक शब्दावली में एक विशेष समूह का लंबे समय से खास स्थान है- 'भद्रलोक', जिसे अक्सर 'मध्याबित्ता' (मध्य वर्ग) कहा जाता है। अंग्रेज़ी भाषा के संवाद में, इस सामाजिक वर्ग को कभी मिडलिंग क्लास कहा गया, और बाद में यह शिक्षित मध्यमवर्ग के रूप में विकसित हुआ, जिसे कभी-कभी बस मिडिल क्लास कहा जाता है।

औपनिवेशिक काल में, ब्रिटिश अधिकारी, जो सबसे पहले इस सामाजिक समूह के सम्पर्क में आये, उन्होंने उन्हें शिक्षित देशी कहा। हालांकि, अधिकांश आधुनिक सामाजिक वर्गों की तरह, भद्रलोक समुदाय की सीमाओं को सटीक रूप से परिभाषित करना कठिन है।

पश्चिम बंगाल, और विशेष रूप से कोलकाता में, भद्रलोक ऐतिहासिक रूप से सार्वजनिक राय को आकार देने में केन्द्रीय भूमिका निभाता रहा है।

पिछले दशकों में, कांग्रेस पार्टी को कोलकाता के शहरी मध्यमवर्ग में पर्याप्त समर्थन प्राप्त था, जबकि ग्रामीण बंगाल का झुकाव अधिकतर वामपंथी दलों की ओर था। बाद में, वाम सरकार के अंतिम चरण में, बुद्धदेब भट्टाचार्य को शहरी शिक्षित मतदाताओं में महत्वपूर्ण समर्थन मिला, जबकि ममता बनर्जी ग्रामीण बंगाल में राजनीतिक पसंद बनकर उभरीं। अंततः, बनर्जी ने दोनों वर्गों में अपना प्रभाव बढ़ा लिया।

लेकिन 2026 के विधानसभा चुनाव में शहरी कोलकाता के कुछ हिस्सों में अलग पैटर्न उभर रहा है। कुछ क्षेत्रों में, बनर्जी की लगभग पंद्रह साल की सरकार के बाद, उसका स्पष्ट विरोध दिखाई दे रहा है। भद्रलोक समुदाय के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से

जम्मू, 12 अप्रैल। दक्षिण कश्मीर में पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर की वार्षिक तीर्थयात्रा 3 जुलाई को शुरू होगी और 57 दिनों के बाद 28 अगस्त को समाप्त होगी। 13 से 70 वर्ष की आयु के तीर्थयात्री यात्रा कर सकते हैं और पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू होंगे।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में श्री अमरनाथ जी श्राइन

- तीर्थ यात्रियों के लिए पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरु होगा।

बोर्ड (एसएएसबी) की बैठक में यात्रा की तारीखें तय की गईं। उपराज्यपाल ने कहा कि इस साल की तीर्थयात्रा थोड़ी लंबी होगी, जो लगभग 57 दिनों तक चलेगी। तीर्थयात्रा के लिए पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है और 15 अप्रैल से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों के लिए न्यूनतम आयु 13 वर्ष और अधिकतम 70 वर्ष निर्धारित की गई है। सिन्हा ने कहा कि पहली पूजा 19 जून को ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**अपना नाम सदा कायम रखने के लिए मनुष्य बड़े से बड़ा जोखिम उठाने, धन खर्च करने, हर तरह के कष्ट सहने, यहाँ तक कि मरने के लिए भी तैयार हो जाता है। –सुकरात**

# नागरिकता की अवधारणा बनाम पहचान की राजनीति

## क्या हम नागरिक न रहकर समूह बनते जा रहे हैं?

भारत का लोकतंत्र आज एक ऐसे चौराहे पर खड़ा है, जहाँ रास्तों की कमी नहीं, पर दिशा को लेकर गहरी धुंध है। एक ओर संविधान की वह व्यापक और उदार अवधारणा है, जो हमें समान अधिकारों, समान अवसरों और साझा जिम्मेदारियों के साथएक 'नागरिक' के रूप में देखती है, तो दूसरी ओर तेजी से उभरती पहचान की राजनीति है, जो हमें जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र और यहाँ तक कि खान-पान की आदतों के छोटे-छोटे खांचों में बाँटकर परिभाषित करती है। प्रश्न सीधा है, लेकिन उत्तर जटिल: क्या हम एक आधुनिक राष्ट्र-राज्य के नागरिक बन रहे हैं या पहचान-आधारित समूहों में सिमटते जा रहे हैं?

पहचान की राजनीति का इतिहास भारत में नया नहीं है। यह उस सामाजिक संरचना की देन है, जहाँ असमानताएँ सदियों तक संस्थागत रूप से मौजूद रहीं। वंचित समुदायों ने अपनी पहचान के आधार पर ही संघर्ष किया, आवाज़ उठाई और सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित की। मंडल राजनीति ने पिछड़े वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया, दलित आंदोलनों ने सामाजिक न्याय को राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र बनाया, और क्षेत्रीय दलों ने स्थानीय अस्मिताओं को मान्यता दिलाई। इस अर्थ में, पहचान की राजनीति लोकतंत्र के विस्तार का एक आवश्यक चरण रही है, ऐसा चरण जिसने ऐतिहासिक अन्यायों को चुनौती दी।

लेकिन आज की पहचान की राजनीति अपने मूल उद्देश्य से भटककर एक नए रूप में सामने आई है-जहाँ यह न्याय का माध्यम कम और सत्ता का उपकरण अधिक बन गई है। चुनावी परिदृश्य इसका सबसे स्पष्ट उदाहरण है। हाल के चुनावों में यह बार-बार दिखा है कि उम्मीदवारों का चयन और चुनावी रणनीतियाँ विकास के एजेंडे से अधिक जातीय और सामुदायिक गणित पर आधारित होता जा रहा है। मतदाता को 'नागरिक' नहीं, बल्कि एक 'खास पहचान' के प्रतिनिधि के रूप में संबोधित किया जाता है। बड़े से बड़ा नेता भी ऐसा करने से ख़ुद को रोकने की कोशिश करता नज़र नहीं आता है। परिणामस्वरूप, राजनीतिक संवाद मुद्दों से हटकर भावनात्मक ध्रुवीकरण की ओर खिसक जाता है।

यह प्रवृत्ति केवल चुनावी मंचों तक सीमित नहीं है। पूर्वोत्तर भारत, विशेषकर मणिपुर में पिछले समय में देखी गई जातीय हिंसा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जब पहचान की राजनीति सामाजिक संरचना पर हावी हो जाती है, तो उसका परिणाम केवल राजनीतिक ध्रुवीकरण नहीं, बल्कि सामाजिक विघटन भी हो सकता है। जब नागरिक की जगह समुदाय प्राथमिक इकाई बन जाता है, तो राज्य की निष्पक्षता भी सवालों के घेरे में आ जाती है और हिंसा के लिए जमीन तैयार होने लगती है। इसी तरह, असम जैसे राज्यों में 'जनसांख्यिकीय संतुलन' और 'आप्रवासन' जैसे मुद्दों का जिस तरह राजनीतिकरण किया गया है, वह भी पहचान-आधारित राजनीति के विस्तार का उदाहरण है। यह केवल नीतिगत बहस नहीं रहती, बल्कि धीरे-धीरे सामाजिक अविश्वास का कारण बन जाती है। 'हम' और 'वे' का यह विभाजन एक बार स्थापित हो जाए, तो उसे पाटना बेहद कठिन हो जाता है।

पहचान और नागरिकता के इस टकराव का एक और आयाम हाल के विधायी और सामाजिक विमर्शों में भी दिखाई देता है। ट्रांसजेंडर अधिकारों को लेकर उठी बहस इसका उदाहरण है, जहाँ एक ओर पहचान की मान्यता और सुरक्षा का प्रश्न है, वहीं दूसरी ओर समान नागरिक अधिकारों की व्याख्या का सवाल। यह टकराव बताता है कि पहचान-आधारित दृष्टिकोण अब केवल सामाजिक या राजनीतिक दायरे में नहीं, बल्कि विधायी संरचना तक गहराई से प्रवेश कर चुका है।

> **पहचान हमें हमारी जड़ों से जोड़ती है, हमारी विविधता को समृद्ध करती है। लेकिन नागरिकता हमें एक साझा मंच देती है, जहाँ हम सभी बराबर हैं। यदि हम केवल पहचान पर जोर देंगे, तो समाज बिखरेगा, और यदि हम केवल नागरिकता की बात करेंगे, बिना असमानताओं को स्वीकार किए, तो वह एक खोखली और ओढ़ी हुई समानता होगी।**

मीडिया-विशेषकर सोशल मीडिया-ने इस पूरी प्रक्रिया को और अधिक चुभन भरा बना दिया है। आज सूचना केवल तथ्य नहीं, बल्कि 'नैरेटिव' बन गई है। एल्गोरिद्म हमें वही दिखाते हैं, जो हमारी मान्यताओं को पुष्ट करता है। परिणामस्वरूप, हम एक 'इको चैंबर' में कैद हो जाते हैं, जहाँ दूसरे दृष्टिकोण के लिए कोई जगह नहीं बचती। फेक न्यूज़ और भ्रामक सूचनाएँ इस ध्रुवीकरण को और गहरा करती हैं। एक झूठ, यदि वह किसी पहचान-विशेष की भावनाओं को छूता है, तो वह सच से कहीं अधिक तेज़ी से फैलता है।

इस पूरी प्रक्रिया का सबसे गंभीर परिणाम यह है कि 'नागरिकता' की अवधारणा धीरे-धीरे कमजोर पड़ रही है। भारतीय संविधान हमें एक ऐसी पहचान देता है, जो किसी जाति, धर्म या भाषा से ऊपर है। वह हमें समान अधिकारों और कर्तव्यों के साथ एकजुट करता है। लेकिन जब राजनीति और समाज का केंद्र पहचान बन जाती है, तो यह समानता दरकने लगती है। नीतियाँ भी समूह-विशेष को संतुष्ट करने के लिए बनाई जाने लगती हैं, न कि समग्र नागरिक हित को ध्यान में रखकर।

'फ्रीबी कल्चर'या रेवड़ी संस्कृति इसका एक स्पष्ट उदाहरण है, जहाँ अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए विशेष समूहों को लक्षित करके योजनाएँ बनाई जाती हैं। दिलचस्प यह देखना भी है कि जो लोग ज़ोर शोर से इस संस्कृति का विरोध करते हैं, मौका आने पर वे और अधिक बेशर्मी से इसे पनपाते भी हैं। इसी तरह, आरक्षण जैसे संवेदनशील मुद्दे पर भी संतुलित और तथ्य-आधारित विमर्श के बजाय भावनात्मक और ध्रुवीकरण करने वाली राजनीति हावी रहती है। इससे न केवल नीति-निर्माण की गुणवत्ता प्रभावित होती है, बल्कि समाज में असंतोष और अविश्वास भी बढ़ता है।

फिर भी, यह मान लेना कि पहचान की राजनीति पूरी तरह अनावश्यक या हानिकारक है, अति सरलीकरण होगा। भारत जैसे समाज में, जहाँ असमानताएँ अभी भी वास्तविकता हैं, वहाँ पहचान-आधारित प्रश्नों का महत्व बना रहेगा। समस्या पहचान में नहीं, बल्कि उसके अतिशयोक्तिपूर्ण और असंतुलित प्रयोग में है। जब पहचान न्याय का माध्यम बनने के बजाय विभाजन का औजार बन जाती है, तब वह लोकतंत्र के लिए खतरा बन जाती है।

वास्तविक चुनौती यह है कि हम पहचान और नागरिकता के बीच संतुलन कैसे स्थापित करें। पहचान हमें हमारी जड़ों से जोड़ती है, हमारी विविधता को समृद्ध करती है। लेकिन नागरिकता हमें एक साझा मंच देती है, जहाँ हम सभी बराबर हैं। यदि हम केवल पहचान पर जोर देंगे, तो समाज बिखरेगा, और यदि हम केवल नागरिकता की बात करेंगे, बिना असमानताओं को स्वीकार किए, तो वह एक खोखली और ओढ़ी हुई समानता होगी। आज आवश्यकता इस बात की है कि राजनीति इस संतुलन को समझे, पर उससे भी अधिक आवश्यकता यह है कि समाज-और हम सभी-इस जटिलता को समझें। हमें यह तय करना होगा कि हम अपनी पहचान को अपनी शक्ति बनाएँ या उसे अपने और दूसरों के बीच दीवार बनने दें।

अंततः, यह केवल एक बौद्धिक बहस नहीं, बल्कि भारत के भविष्य की दिशा का प्रश्न है। यदि चुनाव पहचान के आधार पर जीते जाएं, नीतियाँ पहचान के आधार पर बनें और समाज पहचान के आधार पर विभाजित हो जाए, तो नागरिकता की वह व्यापक अवधारणा, जो हमें एक राष्ट्र के रूप में जोड़ती है, धीरे-धीरे क्षीण हो जाएगी। तब शायद हमारे पास केवल यह कहने के लिए बचेगा कि हमने अपनी सबसे बड़ी ताकत-विविधता में एकता-को अपनी सबसे बड़ी कमजोरी में बदल दिया।

लोकतंत्र की असली परीक्षा चुनावों में नहीं, बल्कि इस बात में होती है कि वह अपने नागरिकों को कितनी मजबूती से एक साथ बाँध पाता है। यदि पहचान की राजनीति हमें लगातार विभाजित करती रही, तो यह केवल सामाजिक ताने-बाने को ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को भी कमजोर कर देगी। और तब यह प्रश्न इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा-क्या हमने नागरिकता को खोकर केवल पहचानों को बचा लिया?अगर ऐसा हुआ तो यह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण होगा, आत्मघाती भी होगा।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल,**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# नारी शक्ति से राष्ट्र शक्ति तक: नए भारत की सशक्त दिशा

## आज भारत एक नए युग में प्रवेश कर चुका है, जहां नारी शक्ति को केवल सम्मान ही नहीं, बल्कि निर्णय लेने की शक्ति भी दी जा रही है



डॉ. मनीषा सिंह

नारी शक्ति केवल समाज का एक हिस्सा नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा है। सदियों तक आधी आबादी को अपने अस्तित्व और अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन आज भारत एक नए युग में प्रवेश कर चुका है-जहाँ नारी शक्ति को केवल सम्मान ही नहीं, बल्कि निर्णय लेने की शक्ति भी दी जा रही है।

महिला आरक्षण विधेयक 2023 इस बदलाव का सबसे सशक्त उदाहरण है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 सीटों का आरक्षण सुनिश्चित करना न केवल एक संवैधानिक कदम है, बल्कि यह सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय है। 16, 17 और 18 तारीख को प्रस्तावित संशोधनों के साथ यह विधेयक अब अपने क्रियान्वयन की ओर बढ़ रहा है। लंबे इंतजार के बाद यह पहल देश की करोड़ों महिलाओं के सपनों को साकार करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा नारी शक्ति वंदन की भावना के साथ महिलाओं को सर्वोच्च स्थान दिया है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में यह सोच केवल शब्दों तक सीमित नहीं रही, बल्कि योजनाओं और नीतियों के माध्यम से धरातल पर उतरी है।

यदि शुरुआती 50 वर्षों के शासन की तुलना पिछले 12 वर्षों से करें, तो स्पष्ट अंतर दिखाई देता है। पहले महिलाओं के सशक्तिकरण की बात तो होती थी, लेकिन वह अक्सर कागज़ों तक सीमित रह जाती थी। वहीं, पिछले एक दशक में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और मुख्यधारा में लाने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए गए हैं।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने रसोई के धुएँ से मुक्ति दिलाकर करोड़ों माताओं को स्वस्थ जीवन दिया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ ने समाज की सोच बदली और बेटियों को सम्मान दिलाया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ने गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता देकर उनके स्वास्थ्य और पोषण को प्राथमिकता दी-यह केवल एक योजना नहीं, बल्कि मातृत्व के प्रति सम्मान का प्रतीक है। लखपति दीदी पहल ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिखी है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएँ आज लाखों की आय अर्जित कर रही हैं और अपने परिवार के साथ-साथ समाज को भी सशक्त बना रही हैं। यह पहल यह साबित करती है कि जब अवसर मिलता है, तो महिलाएँ चमत्कार कर सकती हैं।

राजस्थान जैसे राज्यों में लाडो प्रोत्साहन योजना जैसी पहलें बेटियों के जन्म और शिक्षा को बढ़ावा दे रही हैं। यह केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को मजबूत करने का माध्यम है।

इसके अलावा जन धन योजना के माध्यम से महिलाओं को बैंकिंग से जोड़कर आर्थिक स्वतंत्रता दी गई। मुद्रा योजना ने उन्हें उद्यमिता की राह दिखाई, वहीं सुकन्या समृद्धि योजना ने बेटियों के सुरक्षित भविष्य की नींव रखी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने शौचालयों ने महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित की, और जल जीवन मिशन ने उनके दैनिक जीवन को सरल बनाया। इन सभी योजनाओं में एक समान भाव दिखाई देता है- सम्मान, सुरक्षा और स्वाभिमान। यह केवल विकास की योजनाएँ नहीं, बल्कि एक संवेदनशील सोच का परिणाम हैं, जिसमें महिला को राष्ट्र निर्माण की धुरी माना गया है।

आज भारतीय महिलाएँ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं-शिक्षा, विज्ञान, खेल, सेना व्यापार और राजनीति में उनका योगदान लगातार बढ़ रहा है। लेकिन महिला आरक्षण विधेयक इस भागीदारी को और मजबूती देगा। जब संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की संख्या बढ़ेगी, तो नीतियों में उनकी संवेदनशीलता, अनुभव और दृष्टिकोण भी शामिल होगा। यह बदलाव केवल प्रतिनिधित्व का नहीं, बल्कि सोच का परिवर्तन है। पहले जहां महिलाएँ निर्णयों की दर्शक थीं, अब वे निर्णय लेने वाली बनेंगी। यही सच्चे अर्थों में सशक्तिकरण है।आज का भारत यह समझ चुका है कि नारी शक्ति के बिना राष्ट्र का विकास अधूरा है। इसलिए यह विधेयक केवल एक कानून नहीं, बल्कि एक नए युग की शुरुआत है-एक ऐसा युग जहाँ महिलाएँ केवल अपने अधिकारों के लिए नहीं, बल्कि देश के नेतृत्व के लिए आगे बढ़ रही हैं।

अंत में यही कहा जा सकता है कि नारी शक्ति से ही राष्ट्र शक्ति का निर्माण होता है। आज भारत उसी दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है, जहाँ हर महिला सशक्त, आत्मनिर्भर और सम्मानित जीवन जी सके।

**–डॉ. मनीषा सिंह,**
**प्रदेश प्रवक्ता, भाजपा,**
**राजस्थान**

## "पंचायतों और नगरपालिकाओं का समयबद्ध निर्वाचन..."

### राज्य निर्वाचन आयोग का स्पष्टीकरण

राष्ट्रदूत समाचार पत्र के 12 अप्रैल के अंक में सम्पादकीय पेज पर पूर्व आर. ए. एस. अधिकारी आर. के. पारीक द्वारा लिखित 'पंचायतों और नगरपालिकाओं का समयबद्ध निर्वाचन – राज्य निर्वाचन आयोग का दायित्व' लेख गया था। इस लेख के संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ़ से स्पष्टीकरण जारी किया गया है, वो अविकल रूप से प्रकाशित किया जा रहा है।

**पंचायतीराज और नगरीय निकाय के चुनाव कराना राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग की संयुक्त और सम्मिलित ज़िम्मेदारी है। निकायों का गठन, पुनर्गठन, परिसीमन और एससी, एसटी, ओबीसी, महिला इत्यादि के लिए पदों का आरक्षण राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, चुनाव की घोषणा, चुनाव प्रक्रिया का निष्पक्ष संचालन और आदर्श आचार संहिता की पालना करवाना राज्य चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। जब तक राज्य सरकार द्वारा संवैधानिक और वैधानिक प्रावधानों के अनुसार विभिन्न वर्गों के लिए पदों का आरक्षण पूर्ण कर राज्य चुनाव आयोग को सूचित नहीं किया जाता तब तक चुनाव कराया जाना संभव नहीं है।**

**ज्ञातव्य है कि विगत 31 मार्च 2026 को एक आदेश जारी कर राज्य सरकार ने ओबीसी के राजनीतिक प्रतिनिधित्व की सीमा तय करने के लिए गठित पिछड़ा वर्ग आयोग का कार्यकाल सितम्बर 2026 तक के लिए बढ़ा दिया है।**

# भारतीय संवैधानिक नैतिकता

## विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका जैसी संस्थाओं के प्रति आपसी सम्मान और कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया का पालन करना संवैधानिक नैतिकता का मूल तत्व है



सूर्य प्रताप सिंह राजावत

विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका जैसी संस्थाओं के प्रति आपसी सम्मान और कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया का पालन करना संवैधानिक नैतिकता का मूल तत्व है।

अधिकार, दायित्व, विकास, प्रगति और वृद्धि जैसी अवधारणाओं को ;उद्देश्य प्रस्ताव; (Objectives Resolution) की कार्यवाही के दौरान हुई बहसों के संदर्भ में सबसे अच्छी तरह से परिभाषित किया जा सकता है। संविधान सभा में उद्देश्य प्रस्ताव का प्रस्ताव, अन्य बातों के साथ-साथ, दो महत्वपूर्ण पहलुओं की ओर संकेत करता है। पहला है-सभ्य राष्ट्रों के समुदाय में ;भारत; के गरिमामय स्थान को पुनः स्थापित करना; और दूसरा है-इस प्राचीन भूमि के मूल्यों को मान्यता देना, स्वीकार करना और उन्हें बढ़ावा देना। ये दो शब्द-;सभ्य राष्ट्; और ;प्राचीन भूमि;-ऐसे संक्षिप्त पद हैं जिन पर गहन विचार-विमर्श की आवश्यकता है।

पहला-सभ्य राष्ट्; का अर्थ है जीवन जीने का वह तरीका जो उच्च आदर्शों की ओर अग्रसर हो, फिर चाहे वे आदर्श कितने भी ऊँचे क्यों न हों। दूसरा-प्राचीन भूमि; का संदर्भ भारतीय सभ्यताओं से है, जिनकी जड़ें वैदिक काल और मोहनजोदड़ो सभ्यता तक फैली हुई हैं; और यह तथ्य नंदलाल बोस द्वारा बनाए गए उन चित्रों (illustrations) का भी हिस्सा है, जिन पर संविधान सभा के सदस्यों के विधिवत हस्ताक्षर अंकित हैं। यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि प्रस्तावना (Preamble) ;भारत के संविधान; को समझने का प्रवेश-द्वार है, जो संविधान निर्माताओं की आकांक्षाओं और उनके मंतव्यों को रेखांकित करती है। प्रस्तावना की ;आत्मा; को, उद्देश्य प्रस्ताव पर हुई बहसों का सम्मान करते हुए ही, सबसे बेहतर ढंग से समझा जा सकता है।

डॉ. अंबेडकर को आने वाली पीढ़ियों की समझदारी पर भरोसा था; यह बात इस सवाल के उनके जवाब से ज़ाहिर होती है कि क्या शिक्षण संस्थानों में गीता और वेदों को पढ़ाया जान चाहिए। उनका जवाब था कि जब सही समय आएगा, तब इस पर फ़ैसला कर लिया जाएगा।

संविधान सभा की बहसें उन लक्ष्यों, आकांक्षाओं और उद्देश्यों का प्रमाण हैं जिन्हें भारत के लोग, भारत के संविधान के रूप में शासन की व्यवस्था के ज़रिए हासिल करना चाहते थे। इसलिए, भारत की आत्मा की समझ के अनुसार, संविधान विकासशील, परिवर्तनकारी और प्रगतिशील हो सकता है। केशवानंद भारती मामले में ;मूल ढांचा सिद्धांत; (Basic Structure Doctrine) की व्याख्या को भारतीय न्यायपालिका की रचनात्मकता का एक रूप माना जाता है, जिसे ;न्यायिक सक्रियता; (Judicial Activism) भी कहा जाता है। ऐसे सिद्धांतों, मतों और कानूनों की एक लंबी सूची है जो मूल ढांचा सिद्धांत; का हिस्सा माने जाते हैं; जैसे: संविधान की सर्वोच्चता, कानून का शासन, शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धांत, भारत के संविधान की प्रस्तावना में बताए गए उद्देश्य, न्यायिक समीक्षा, अनुच्छेद 32 और 226, संघवाद, संप्रभु और लोकतांत्रिक स्वरूप, सरकार की संसदीय प्रणाली, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों का सिद्धांत, अनुच्छेद 368 के तहत दी गई संशोधन की शक्ति पर सीमाएं, न्यायपालिका की स्वतंत्रता, न्याय तक प्रभावी पहुंच, और भारत के सर्वोच्च न्यायालय की अनुच्छेद 32, 136, 141, 142 के तहत प्राप्त शक्तियां आदि लेकिन मूल संरचना सिद्धांत की पवित्रता और वैधता को इस कसौटी पर खरा उतरना होगा कि वह दिशाहीन न हो। उसे गति के साथ दिशा भी प्रदान करनी चाहिए। केवल गति का अपने आप में कोई मूल्य नहीं होता। प्रतिस्पर्धी मूल्यों की दुनिया में, वे मूल्य जो संविधान सभा की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में मदद करते हैं-विशेषकर उद्देश्य प्रस्ताव के संदर्भ में, जिसे

> **संविधान सभा में उद्देश्य प्रस्ताव का प्रस्ताव, अन्य बातों के साथ दो महत्वपूर्ण पहलुओं की ओर संकेत करता है, पहला है सभ्य राष्ट्रों के समुदाय में भारत के गरिमामय स्थान को पुनः स्थापित करना, दूसरा है इस प्राचीन भूमि के मूल्यों को मान्यता देना**

प्रस्तावना के रूप में तैयार किया गया था-वही गति के साथ दिशा भी प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शक शक्ति का काम करेंगे। एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति;, वसुधैव कुटुम्बकम्; और ;एकं बहु स्याम्; जैसे सभ्यतागत मूल्यों की भावना को भारत के नागरिकों में आत्मसात करने की आवश्यकता है। इस पहलू पर किसी भी रूप में किया गया कोई भी समझौता भारत की प्राचीन भूमि की मूल भावना के साथ विश्वासघात होगा। पंथनिरपेक्षता को आध्यात्मिकता के संदर्भ में परिभाषित किया जान चाहिए, न कि पश्चिमी अवधारणा की तर्ज पर, जो भारत के लिए पराई है। सबरीमाला मंदिर से जुड़े मुद्दों की समीक्षा, व्यक्तिगत अधिकारों और सांस्कृतिक अधिकारों के बीच संतुलन बनाने के संदर्भ में की जानी चाहिए। नैतिकता की अनदेखी नहीं की जा सकती लिव-इन रिलेशनशिप को विनियमित करने की आवश्यकता है और इसे विवाह के दर्जे के बराबर नहीं माना जा सकता, क्योंकि विवाह एक अत्यंत पवित्र संस्था है। क्या भारत की पारिवारिक व्यवस्था में वैवाहिक निर्णय लेते समय किसी व्यक्ति की स्थिति-और परिवार के साथ उसके विशेष संबंधों-की अनदेखी की जा सकती है, विशेषकर जब ;रिट क्षेत्राधिकार; के तहत बंदी प्रत्यक्षीकरण; (Habeas Corpus) सुरक्षा पर विचार किया जा रहा हो? और अंत में, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने व्यभिचार (Adultery) को केवल एक दीवानी अपराध घोषित करने में इतनी जल्दबाजी क्यों दिखाई? दुर्भाग्यवश, ये सभी विवादास्पद घोषणाएँ मूल संरचना सिद्धांत; और संवैधानिक नैतिकता के सिद्धांत; के आधार पर की गई हैं।

यह व्यापक रूप से बताया जा रहा है कि नौ जजों की एक पीठ विभिन्न धर्मों द्वारा पालन की जाने वाली धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे और सीमा पर सुनवाई कर रही है। सर्वोच्च न्यायालय को यह समझना चाहिए कि इस विषय पर किसी भी निर्णय के लिए धर्म; शब्द की उचित समझ आवश्यक है। इस संबंध में, भारत रत्न से सम्मानित प्रो. पी.वी. काणे ने अपने विशाल ग्रंथ धर्मशास्त्र का इतिहास में कहा है कि इस ग्रह पर किसी भी सभ्यता के किसी भी शब्दकोश में धर्म; शब्द का कोई अनुवाद या समकक्ष शब्द संभव नहीं है। इसका कारण यह है कि आध्यात्मिकता भारतीय सभ्यता के जीवन का केंद्र रही है, जो अन्य सभ्यताओं में देखने को नहीं मिलती। मुक्ति और पूर्णता ही वह आदर्श रहे हैं जिन्हें प्राप्त करने का प्रयास किया गया है। स्थायित्व और जवाबदेही जैसे प्रतिस्पर्धी मूल्य संवैधानिक नैतिकता के स्वरूप और दायरे को निर्धारित करेंगे।

एसेज़ ऑन गीता; (Essays on Geeta) में महर्षि अरविंद लिखते हैं कि भारतीय सभ्यता के आदर्श अन्य सभ्यताओं से इतने अलग और विशिष्ट हैं कि आधुनिक मानसिकता से गीता की जितनी भी व्याख्याएँ की गई हैं, वे सभी एक ऐसे निष्कर्ष पर पहुँची हैं जो गीता का मूल अभिप्राय नहीं है। चेतना को मुक्ति और दिव्यता की ओर ऊँचा उठाना, तथा सांसारिक कार्यों में पूर्णता को प्रकट करना ही गीता की मूल शिक्षा है।

6 दिसंबर 1948 को, संविधान सभा की बहसों (Constituent Assembly Debates) के खंड न्ध्छ में, एच. वी. कामथ कहते हैं: ... महायोगी श्री अरविंद ने अपनी एक प्रसिद्ध पुस्तक में कहा है: ;वह मूल विचार जिसने भारतीय लोगों के जीवन, संस्कृति और सामाजिक आदर्शों को संचालित किया है, वह है मनुष्य द्वारा अपने सच्चे, आध्यात्मिक स्वरूप की खोज; तथा जीवन का उपयोग उस खोज के लिए एक माध्यम और आधार के रूप में करना, ताकि मनुष्य अज्ञानपूर्ण प्राकृतिक अवस्था से ऊपर उठकर आध्यात्मिक अस्तित्व को प्राप्त कर सके।; ... 20CWSA 397 ... महायोगी श्रीअरविंद ने बार-बार यह कहा है कि आज की सबसे बड़ी आवश्यकता चेतना का रूपांतरण है-अर्थात् योग के अनुशासन के माध्यम से मानवता को एक उच्चतर स्तर तक ऊपर उठाना ... संवैधानिक नैतिकता, जो शासन-व्यवस्था की रूपरेखा और भावना के अनुरूप चेतना के रूपांतरण की प्राप्ति के लिए वातावरण प्रदान करती है, उसे ही वास्तव में ;भारतीय संवैधानिक नैतिकता; के रूप में मान्यता दी जाएगी। इस मापदंड से कमतर किसी भी चीज़ को ;भारतीयता; नहीं माना जाएगा; उस पर ऐसी बौद्धिक चेतना की छाप होगी, जो पश्चिमी सोच की दासता के हाथों गिरवी रखी जा चुकी है।

अनेकता में एकता; भारत की पहचान है। इस तथ्य पर कोई असहमति नहीं है कि भारत के छह दर्शन आपसी सहिष्णुता के बजाय आपसी सम्मान और पारस्परिकता का प्रतीक हैं। ये छह दर्शन हैं: सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, मीमांसा और वेदांत। भारत इन छह दार्शनिक संप्रदायों पर गर्व कर सकता है; ये दर्शन नदियों की तरह एक-दूसरे के समानांतर बहते हैं, जो शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और अज्ञात की खोज में नवीनता की भावना को दर्शाते हैं। इन छह दार्शनिक संप्रदायों की विभिन्न प्रथाओं, रीति-रिवाजों और आस्थाओं की विविधता को उचित रूप से स्वीकार और सम्मानित किया जाना चाहिए। यह भावना सर्वोच्च न्यायालय को विभिन्न धर्मों द्वारा पालन की जाने वाली धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे और सीमा को समझने तथा उसकी व्याख्या करने में सहायता कर सकती है।

यह आग्रह किया जाता है कि ;मूल संरचना सिद्धांत और संवैधानिक नैतिकता; के नाम पर, सर्वोच्च न्यायालय को उद्देश्य प्रस्ताव; की आकांक्षाओं और उसकी मूल भावना को विस्मृत नहीं करना चाहिए; क्योंकि यह प्रस्ताव वेदों, रामायण और गीता की इस प्राचीन भूमि के मूल्यों को अक्षुण्ण बनाए रखने की मांग करता है। यह दृष्टिकोण भारतीय संवैधानिक नैतिकता का निर्माण करता है, जो ;हम, भारत के लोगों; की वैध अपेक्षा का आधार बनता है।

**–सूर्य प्रताप सिंह राजावत,**
**अधिवक्ता, वाईस चेयरमैन, श्री अरविंद सोसाइटी राजस्थान**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 13 अप्रैल, 2026**

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, एकादशी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2083, धनिष्ठा नक्षत्र सायं 4:04 तक, शुभ योग सायं 5:17 तक, बव करण दिन 1:13 तक, चन्द्रमा आज कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-मीन, बुध-मीन, गुरू-मिथुन, शुक्र-मेष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज वरुथिनी एकादशी व्रत पंचक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:44 तक, शुभ 9:18 से 10:53 तक, चर 2:02 से 3:37 तक, लाभ-अमृत 3:37 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:09, सूर्यास्त 6:46



**मेष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।



**वृष**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आज व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।



**मिथुन**
परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है।



**कर्क**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। व्यक्तिगत परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।



**सिंह**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कन्या**
आर्थिक विवादों का निपटारा हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक मामलों में महत्वपूर्ण परामर्श मिल सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**वृश्चिक**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।



**धनु**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मकर**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।



**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है।



**मीन**
आज अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

## सार-समाचार

### बिजयनगर में पाराशर समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन



**पुष्कर( निसं )।** आगामी 1 मई 2026 को बाड़ी माताजी, बिजयनगर में पाराशर ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन के प्रचार-प्रसार के लिए समिति के सदस्य पुष्कर पहुंचे और समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। महिला अध्यक्ष भावना शर्मा, अशोक देवली, शंकर पाराशर और पवन पाराशर सहित कई पदाधिकारियों ने स्थानीय समाजजनों से सहयोग का आग्रह किया। पुष्कर में वरिष्ठ समाजसेवी सूरज नारायण पाराशर के सानिध्य में सुभाष पाराशर (सिंधी पंडा), बालकिशन पाराशर सहित अन्य समाजबंधुओं ने सम्मेलन को सफल बनाने का आश्वासन दिया। आयोजकों ने बताया कि इस बार 21 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य रखा गया है। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विभिन्न समितियां गठित कर जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं, ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

### गो संरक्षण के लिए देशव्यापी अभियान

**नसीराबाद( निसं )।** गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने, गोहत्या निषेध कानून के प्रभावी क्रियान्वयन एवं गोवंश संरक्षण को लेकर 'गो सम्मान आ ान अभियान' के अंतर्गत देशभर में व्यापक जनअभियान चलाया जा रहा है। संतों के सानिध्य में संचालित इस अभियान के प्रथम चरण में 27 अप्रैल 2026 को प्रात: 11 बजे देश की सभी तहसीलों में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम प्रार्थना पत्र तहसीलदार या उपखंड अधिकारी को सौंपे जाएंगे। आयोजकों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान किसी विशेष व्यक्ति, दल या संगठन का नहीं, बल्कि आम जनभावना का प्रतीक है। इसका उद्देश्य गोसंरक्षण को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने परिवार एवं समाज के साथ अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अभियान को सफल बनाएं तथा सोशल मीडिया के माध्यम से इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें। आयोजकों के अनुसार यदि प्रथम चरण में अपेक्षित कार्रवाई नहीं होती है तो 27 जुलाई 2026 को जिला स्तर पर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### कल हर्षोल्लास से मनाया जाएगा बैसाखी पर्व

**भीलवाड़ा( निसं )।** गुरूद्वारा साहिब, सिन्धुनगर में बैसाखी पर्व (खालसा सृजना दिवस) श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया जाएगा। सचिव ऋषिपाल सिंह ने बताया कि इस अवसर 2 दिवसीय धार्मिक आयोजन होगें। इस कार्यक्रम में लुधियाना पंजाब से कीर्तनी जत्था भाई मनप्रीत सिंह जी 'अर्श' आ रहे हैं। 13 अप्रैल शाम 7.30 से 9 बजे तक गुरबाणी कीर्तन दीवान होंगे। 14 अप्रैल बैसाखी पर्व के अवसर पर प्रात: 8 बजे से विशेष कीर्तन दीवान सजेगें, जिनमें बाहर से आए जत्थे सहित ज्ञानी करनैल सिंह एवं सुखबीर सिंह संगत को गुरबाणी कीर्तन द्वारा निहाल करेगें। प्रात: 10 बजे सामूहिक अरदास के उपरान्त प्रसाद वितरण होगा। शाम 7.30 बजे से गुरबाणी कीर्तन के आयोजन होंगे। रात 9.30 बजे सामूहिक अरदास के उपरान्त गुरू का लंगर अटूट वितरित होगा। गुरप्रीत सिंह ने बताया कि प्रबंधक कमेटी द्वारा इस पावन अवसर पर प्रतिभावान सिक्ख विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों को, जिन्होंने समाज को गौरवान्वित किया हो उन्हें "खालसा अचीवमेंट अवार्ड" से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां चल रहीं हैं, सिक्ख संगत हर्षोल्लास से बैसाखी पर्व मनाएगी।

### अंबेडकर जयंती पर विशाल रक्तदान शिविर कल

**नसीराबाद( निसं )।** माँ भारती ग्रुप राजस्थान की शाखा नसीराबाद के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल 2026 (मंगलवार) को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सेंट पॉल स्कूल कैंपस, मिशन ग्राउंड, नसीराबाद में प्रात: 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। आयोजन समिति के अनुसार शिविर का उद्देश्य मानव सेवा एवं समाज कल्याण की भावना को मजबूत करना है। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि रक्तदान को महादान की संज्ञा दी गई है, क्योंकि इससे जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने नसीराबाद सहित आसपास के युवाओं एवं नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की है। आयोजकों ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को इस पुण्य कार्य में भाग लेकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

### सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति के चुनाव 3 मई को

**अजमेर,( निसं )।** शास्त्री नगर विस्तार स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर प्रबंधक समिति की बैठक मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अशोक शर्मा ने की। समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी डॉ. एस.डी. मिश्रा ने बताया कि बैठक में मंदिर से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई, लेकिन मुख्य रूप से प्रबंधक समिति के चुनाव पर निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से आगामी 3 मई को चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि चुनाव आमसभा में सर्वसम्मति से संपन्न कराए जाएंगे तथा इसकी सूचना जल्द ही सभी सदस्यों को दी जाएगी। बैठक में सतीश गोयल, राजेश दाधीच, रमेश शर्मा, दिनेश सोनी, पंडित शिव कुमार जोशी सहित अन्य सदस्यों ने अपने विचार रखे।

# अमेरिका के विशेषज्ञ सहित 15 से अधिक डॉक्टरों ने किया नि:शुल्क उपचार

■ शिविर में अमेरिका के डायबिटिक एवं हार्ट स्पेशलिस्ट सहित 15 से अधिक चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं देकर मरीजों का उपचार किया।



**अजमेर: गंज स्थित जनकपुरी में नि:शुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर में 753 से अधिक मरीजों ने लाभ उठाया।**

**अजमेर,** (कासं)। अग्रवाल पंचायत मारवाड़ी धड़ा जनकपुरी गंज एवं भारत विकास परिषद महाराणा प्रताप शाखा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को गंज स्थित जनकपुरी में आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर में 753 से अधिक मरीजों ने लाभ उठाया। शिविर में अमेरिका के डायबिटिक एवं हार्ट स्पेशलिस्ट सहित 15 से अधिक चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं देकर मरीजों का उपचार किया तथा उन्हें निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं।

अग्रवाल पंचायत मारवाड़ी धड़ा के अध्यक्ष संजय कंदोई एवं सचिव विनोद डिडवानिया ने बताया कि शिविर में 750 से अधिक मरीजों ने पंजीकरण कराकर विभिन्न रोगों की जांच एवं परामर्श प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि शिविर की विशेषता यह रही कि इसमें केवल अजमेर ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया।

शिविर में अमेरिका के डायबिटिक एवं हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. प्रकाश डीडवानिया, जेएलएन अस्पताल के डॉ. अजय गर्ग, डॉ. रोहिताश्व, डॉ. अवि गुप्ता, डॉ. देवांशू, डॉ. हिमांशु शर्मा, डॉ. भूमिका, डॉ. कनिका सिंघल, डॉ. शिरीष शर्मा, डॉ. रिया शर्मा, डॉ. रामनिवास विंदा, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. जगदीश, डॉ. मिथलेश साहू, डॉ. प्रतुल जैन, डॉ. समा खान तथा डॉ. रामधन काबरा सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। शिविर के दौरान हृदय रोग, नेत्र रोग, अस्थि रोग, कान-नाक-गला, चर्म रोग, दंत रोग, शिशु रोग एवं न्यूरो संबंधी बीमारियों के मरीजों की जांच की गई। इसके अतिरिक्त कमर, घुटना, गर्दन, कंधा, कोहनी, कुल्हा, एड़ी दर्द, लकवा, गठिया, नसों के दबाव, सुनापन, मोच एवं वजन नियंत्रण से संबंधित समस्याओं का आधुनिक मशीनों के माध्यम से नि:शुल्क उपचार किया गया। भारत विकास परिषद महाराणा प्रताप शाखा के अध्यक्ष महेंद्र कुमार रांका एवं सचिव दीपक चोपड़ा ने बताया कि शिविर में बीएमआई, ब्लड शुगर एवं ईसीजी की जांच भी की गई। साथ ही पैरों की नसों की जांच (न्यूरोपैथी) की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

अकॉर्ड पैथोलॉजी एवं फिजियोथेरेपी सेंटर की टीम ने पूरे शिविर के दौरान सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर का अवलोकन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल अनिल सामरिया ने किया और भविष्य में ऐसे आयोजनों के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में सेवाएं देने वाले सभी डॉक्टरों एवं चिकित्सा कर्मियों का मोमेंटो एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

## 15 अप्रैल को होगा 'कृष्ण भवन' का भव्य लोकार्पण

**पुष्कर( निसं )।** अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन, पुष्कर में नव-निर्मित 57 कमरों और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित भव्य सभागार 'कृष्ण भवन' का लोकार्पण 15 अप्रैल 2026 को प्रात: 10 बजे किया जाएगा। यह समारोह राष्ट्र संत गोविंददेव गिरी महाराज के करकमलों से संपन्न होगा। समारोह के मुख्य अतिथि माहेश्वरी महासभा के सभापति संदीप काबरा (जोधपुर) होंगे, जबकि पूर्व सभापति रामपाल सोनी (भीलवाड़ा) विशिष्ट रूप से उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा आईएएस श्रीकांत बाल्दी (अजमेर), समाजसेवी सुरेश राठी (एमडीएच मसाला, नागौर) तथा रामअवतार जाजू (इंदौर) सहित कई गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। इस अवसर पर कृष्ण भवन के भामाशाहों का सम्मान भी किया जाएगा। लोकार्पण के बाद दोपहर 1:30 बजे प्रबंधकारिणी समिति की 20वीं बैठक आयोजित होगी, जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे।

## केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में महिला सशक्तिकरण पर गहन मंथन



**चतुर्थ केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में महिला संगठन की पदाधिकारियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।**

**अजमेर,** (कासं)। अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा की चतुर्थ केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक कोलकाता स्थित आचार्य महाप्रज्ञा महाश्रमण आश्रम में महासभा अध्यक्ष महेश विजय (कोटा) की अध्यक्षता में आयोजित की जा रही है। दो दिवसीय इस बैठक में समाज के समग्र विकास में महिलाओं की भूमिका, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक भागीदारी एवं संगठन की भावी योजनाओं पर गंभीर विचार-विमर्श किया जा रहा है।

अखिल भारतीय विजयवर्गीय महिला संगठन की राष्ट्रीय सलाहकार आभा गांधी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने, उन्हें सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा संगठनात्मक स्तर पर उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की जा रही है। उद्घाटन सत्र में अतिथियों ने रामचरण महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान महासभा एवं महिला संगठन के पदाधिकारियों का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। महिला संगठन की पदाधिकारियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में कोलकाता वैश्य समाज के अध्यक्ष, कोलकाता महिला समाज की अध्यक्ष सुधा विजय, डार कैपिटल के सीईओ सी.के. जैन, महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता विजय (नई दिल्ली) तथा राखी विजय (इंदौर) मंचासीन रहे। संचालन महासभा के प्रधानमंत्री राजीव विजय (जयपुर) ने किया।

इस अवसर पर महासभा के महामंत्री रघुनंदन विजय (कोटा), पूर्व अध्यक्ष सी.पी. विजयवर्गीय, निवर्तमान अध्यक्ष कन्हैयालाल विजय (सूरत), महिला संगठन की संरक्षक प्रभा विजय (कोटा), नम्रता विजय (राजगढ़), उपाध्यक्ष अमिता गांधी (अजमेर), प्रतिष्ठा विजय (दिल्ली), सुषमा विजय सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दुर्लभ प्लेटलेट देकर 3 साल के बच्चे की जान बचाई

**मदनगंज-किशनगढ़,( निस )।** जे के लोन अस्पताल जयपुर में भर्ती तीन वर्षीय हमजा कुरैशी की जान बचाने के लिये किशनगढ़ के युवक ने दुर्लभ प्लेटलेट देकर मानवता की मिसाल कायम की। आदित्य मिल कॉलोनी निवासी अजय शर्मा को जानकारी मिली की हमजा कुरैशी की जान बचाने के लिये ए नेगेटिव प्लेटलेट की आवश्यकता है, जो अत्यंत दुर्लभ ब्लड ग्रुप है।

अजय ने तत्काल परिजनो से सम्पर्क किया और कहा की मैरा ब्लड ग्रुप यही है। कुछ देर बाद वह जयपुर के लिये रवाना हो गया और अस्पताल जाकर प्लेटलेट देकर मासूम बच्चे की जान बचाई। इनके द्वारा की गई निस्वार्थ सेवा से बच्चे के उपचार में बड़ी मदद मिल सकी। पूर्व नगर परिषद प्रतिपक्ष नेता हमीदा बानो, सलीम मोहम्मद व कलसुम शैख ने अजय शर्मा के प्रति हृदय से आभार व्यक्त कर कहा कि ऐसे पुनीत कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।

## विहिप अधिवेशन में उठे गौचर भूमि, शिक्षा और धर्मांतरण के मुद्दे




**पुष्कर में दो दिवसीय अधिवक्ता अधिवेशन शनिवार से प्रारंभ हुआ।**

**पुष्कर( निसं )।** विश्व हिंदू परिषद राजस्थान क्षेत्र के विधि आयाम का दो दिवसीय अधिवक्ता अधिवेशन शनिवार से पुष्कर में प्रारंभ हुआ। अधिवेशन में केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन ने पत्रकार वार्ता में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार रखे।

उन्होंने कहा कि शिक्षा में तुष्टीकरण समाप्त कर राष्ट्रीय शिक्षा नीति को समान रूप से लागू किया जाना चाहिए। मदरसों में भी समान शिक्षा व्यवस्था लागू हो और धर्म विशेष की शिक्षा पर रोक लगे।

डॉ. जैन ने 1995 के गौरक्षा कानून में व्यापक संशोधन की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इससे गौकशी और तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। उन्होंने मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कर समाज के ट्रस्ट के अधीन संचालित करने की मांग भी दोहराई। गौचर और ओरण भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने राज्य सरकार से इन भूमियों को चिन्हित कर अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए ठोस कानून बनाने की मांग की। इस दौरान क्षेत्र मंत्री सुरेश उपाध्याय, संगठन मंत्री राजाराम, प्रवक्ता अमितोष पारीक और मोती सिंह राजपुरोहित सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ अभियान: दलित बस्तियों में कांग्रेस का जनसंवाद

**ब्यावर** (निसं)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन बढ़ाओ - लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत चलाए जा रहे सामाजिक न्याय व सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत दलित एवं पिछड़ी बस्तियों में व्यापक जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर ज़िलाध्यक्ष किशोर चौधरी के निर्देशानुसार दलित व पिछड़े समुदाय के लोगों से सीधा संवाद किया।

कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने बस्तियों में जाकर लोगों के दु:ख-दर्द सुने, उनकी समस्याओं को ध्यान से सुना और उन मुद्दों को हल कराने का संकल्प लिया।

एडवोकेट अजय शर्मा ने कहा कि भाजपा राज में बढ़ती महँगाई, घटता रोज़गार और चरम पर पहुंचा भ्रष्टाचार आमजन की जिंदगी को बेहाल कर रहा है। दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और गरीब वर्गों का शोषण बढ़ रहा है तथा उन्हें मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा हार के डर से पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनावों को लगातार टाल रही है। हाईकोर्ट की फटकार के बावजूद सरकार नए-नए बहाने गढ़कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को रोकने की कोशिश कर रही है, जो साफ तौर पर तानाशाही की मानसिकता को दर्शाता है।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए खनन विकास एवं उत्थान प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष आशीषपाल पदावत ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां केवल अमीरों और पूंजीपतियों के हितों की रक्षा कर रही हैं, जबकि गरीब, दलित और पिछड़े वर्ग पूरी तरह उपेक्षित हैं। उन्होंने आव्हान किया कि जनता को एकजुट होकर लोकतंत्र की रक्षा करनी होगी।अल्पसंख्यक विभाग के ज़िलाध्यक्ष अज़मत काठात ने अपने संबोधन में कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय पर बढ़ते अत्याचार और असुरक्षा की स्थिति चिंताजनक है। कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यकों, दलितों और पिछड़ों के अधिकारों की मजबूती से रक्षा करेगी और भाजपा की विभाजनकारी नीतियों का डटकर विरोध करेगी।

## छीपा पुलिया जर्जर, बजट स्वीकृत होने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं

■ इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है

**मसूदा( निसं )।** मसूदा नगर पालिका क्षेत्र में अजमेर रोड को जोड़ने वाली मुख्य छीपा पुलिया लंबे समय से जर्जर हालत में है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। पुलिया के निर्माण के लिए बजट स्वीकृत होने के बावजूद अब तक कार्य शुरू नहीं किया गया है। बरसात के दौरान पुलिया के ऊपर से पानी बहता है और दोनों ओर पानी भरा रहता है, जिससे स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो आगामी मानसून में पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकती है।

हादसों को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा पुलिया पर बजरी के कट्टे रखे गए हैं और तारबंदी की गई है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था भी कमजोर है, जिससे रात के समय खतरा और बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों ने जल्द निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है।

## श्रीमद भागवत दिव्य अमृत महोत्सव 19 मई से

**मदनगंज-किशनगढ़,**(निस)। गिरिराज धरण ग्रुप की और से जगन्नाथ पुरी धाम में 19 मई से आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत दिव्य अमृत महोत्सव का भव्य आयोजन किया जायेगा। कथा वाचन व्यास पीठ पूज्य संत गोपीराम महाराज वृन्दावन के श्रीमुख से होगा, वहीं कार्यक्रम के मुख्य प्रेरणा स्त्रोत अनन्त विभूषित जगतगुरु निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर श्यामशरण देवाचार्य श्रीजी महाराज है, जिनके सान्निध्य व आशीर्वाद हेतु प्रयासरत है।

# आर्य समाज अजमेर के साप्ताहिक सत्संग में वैदिक विचारों की गूंज

■ निष्काम कर्म से जीवन को सफल बनाने का आव्हान

**अजमेर,** (निसं)। आर्य समाज अजमेर के साप्ताहिक सत्संग में वैदिक विद्वान नवीन मिश्र ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होकर निष्काम कर्म के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका का स्वाध्याय कराते हुए कहा कि मानव जीवन की सफलता का मूल आधार निष्काम कर्म है। उन्होंने लोगों से आचरणगत भूलों से बचने और अपने कर्तव्यों का पालन बिना किसी स्वार्थ के करने का आव्हान किया। सत्संग के दौरान ईश प्रार्थना लालचंद आर्य और अंजू द्वारा प्रस्तुत की गई। 'जगत को यही समझाया करो, वेद पढ़ो और पढ़ाया करो' भजन के माध्यम से वातावरण भक्तिमय हो उठा। सत्यार्थ प्रकाश के बारहवें समुल्लास के अंतर्गत नियमित स्वाध्याय राधेश्याम शास्त्री ने कराया। इस अवसर पर 'आनंद सुधाकर दया कर पिला गया, भारत को दयानंद दुबारा जिला गया' गीत नवीन कुमार शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों और योगदान को भावपूर्ण तरीके से याद किया गया। सत्संग का प्रारंभ यज्ञानुष्ठान से हुआ, जिसमें जागेश्वर प्रसाद निर्मल के पौरोहित्य तथा नवीन मिश्र, राधेश्याम शास्त्री, नवीन कुमार शर्मा, लालचंद आर्य, विष्णु गौड़, सीताराम यादव, रवेंद्र शर्मा, यजमानत्व में विश्व शांति और समृद्धि की कामना की गई।

## सुवर्तनाथ भगवान के जन्म कल्याणक पर गोवंश को हरा चारा अर्पित

**अजमेर,** (निसं)। जैन धर्म के बीसवें तीर्थंकर सुवर्तनाथ भगवान के जन्म तप कल्याणक एवं ज्ञानोदय तीर्थ क्षेत्र में स्थापित 51 जिन प्रतिमाओं के तीन हजार दिवस पूर्ण होने के उपलक्ष में सेवा कार्य आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवं युवामहिला संभाग अजमेर द्वारा ज्ञानोदय तीर्थ, नारेली स्थित गौशाला में 1500 अशक्त गोवंश को हरा चारा अर्पित किया गया।

कार्यक्रम समाजसेवी प्रतिभा प्रमोद सोनी, विनम्र सोनी एवं श्रेया सोनी परिवार के सहयोग से संपन्न हुआ। ज्ञानोदय तीर्थक्षेत्र के प्रभारी ब्रह्मचारी सुकांत जैन ने बताया कि गौशाला में लगभग 1500 गोवंश का पालन-पोषण किया जा रहा है, जिसकी व्यवस्था टोनी भैया के संयोजन में संचालित होती है। महासमिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी ने बताया कि समिति द्वारा समय-समय पर गौशालाओं में हरा चारा एवं गुड़ अर्पित कर सेवा कार्य किए जाते हैं। कार्यक्रम में अतुल पाटनी, अनिल जैन गदिया सहित अनेक गो-प्रेमी उपस्थित रहे।

# मसूदा क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**महिलाओं और किशोरियों को दी स्वास्थ्य व स्वावलंबन की जानकारी।**

**मसूदा**(निसं)। दिशा आरसीडी समाजसेवी संस्था, अजमेर द्वारा संचालित अग्रिमा परियोजना के अंतर्गत मसूदा ब्लॉक के ग्राम रामपुरा एवं लाणदी में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 412 लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय को बकरी पालन की आधुनिक तकनीकों से जोड़ना, स्थानीय संसाधनों के माध्यम से आय में वृद्धि करना तथा महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा। इसके साथ ही किशोरी बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

भंवर जी एवं उनकी टीम ने नाटक एवं गीतों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, नैतिक अधिकार, महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा तथा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संदेश दिया। साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के व्यावहारिक उपाय भी बताए गए। कार्यक्रम में महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, सेनेटरी पैड के उपयोग, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों तथा गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच और संस्थागत प्रसव के महत्व की जानकारी दी गई।

परियोजना के एरिया मैनेजर राजेंद्र सिंह चौहान ने अग्रिमा परियोजना की आवश्यकता, उद्देश्यों एवं गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना से जुड़कर समुदाय किस प्रकार लाभान्वित हो सकता है। उन्होंने स्वनिर्माण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी से जुड़ने के फायदे भी समझाए, जिससे किसानों को आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में परियोजना स्टाफ रेखा तोमर, भाग्यश्री, महेंद्र तथा स्थानीय पशुसखी संतोष और ममता का विशेष सहयोग रहा।

# वृद्धाश्रम में 75 असहाय महिलाओं को राशन सामग्री वितरित

■ जय अम्बे सेवा समिति के सेवा कार्यों की सराहना, सहयोगकर्ताओं का सम्मान



**जय अम्बे सेवा समिति वृद्धाश्रम ( सेवाधाम ) में गरीब एवं असहाय महिलाओं को राशन सामग्री वितरित की गई।**

**अजमेर,** (निसं)। जय अम्बे सेवा समिति वृद्धाश्रम (सेवाधाम) में आयोजित कार्यक्रम में 75 गरीब एवं असहाय महिलाओं को राशन सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सनातन धर्म समिति के उपाध्यक्ष इंजीनियर अशोक शर्मा और पूर्व पार्षद शैलेंद्र अग्रवाल द्वारा माताजी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ हुई।

संस्था अध्यक्ष कालीचरण खंडेलवाल और महासचिव घनश्याम दास काबरा ने वृद्धाश्रम में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में यहां निवासरत महिलाओं और पुरुषों को मथुरा-वृंदावन की तीन दिवसीय धार्मिक यात्रा कराई गई। इसके अलावा समय-समय पर रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है और प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को जरूरतमंद महिलाओं को राशन सामग्री वितरित की जाती है।

इसके बाद चयनित 75 महिलाओं को राशन सामग्री वितरित की गई। इस दौरान सोमरत्न आर्य, कालीचरण खंडेलवाल, घनश्याम दास काबरा, राधेश्याम पारीक, रमेशचंद्र माहेश्वरी, जगदीश नंदन शर्मा, बृजेश गौड़ सहित कई पदाधिकारी और अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों में अशोक शर्मा, शैलेंद्र अग्रवाल, उमेश गर्ग, एन.एल. जैन और वृद्धाश्रम प्रबंधक अमित शर्मा ने वितरण में सहयोग किया।

कार्यक्रम के दौरान कैलाश उपाध्याय को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जो वृद्धाश्रम की प्रमुख भामाशाह हैं और समय-समय पर संस्था को सहयोग प्रदान करती हैं। उन्हें माला, शॉल और दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार वृद्धाश्रम में रहने वाली इंदिरा सिंघल को भी उनके द्वारा अपनी पेंशन से 2 लाख 11 हजार रुपये का सहयोग नव-निर्मित कमरों के निर्माण हेतु देने पर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम से पूर्व संस्था के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया।

## भीलवाड़ा में मंत्री जोराराम कुमावत का एक दिवसीय का दौरा

**भीलवाड़ा**(निसं)। राजस्थान सरकार के देवस्थान, गौपालन और पशुपालन एवं डेयरी विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत रविवार को भीलवाड़ा के एक दिवसीय दौरे पर रहे । इस दौरान उन्होंने लक्ष्मीपुरा में आयोजित एक भव्य समारोह में 2 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। शिलान्यास समारोह में मंत्री श्री कुमावत ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि लक्ष्मीपुरा में इन विकास कार्यों से स्थानीय निवासियों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और क्षेत्र का समग्र विकास होगा। शिलान्यास किए गए कार्यों में खेल मैदान विकास , डेवलपमेंट सेंटर , वृक्षारोपण संपर्क सड़क , स्ट्रीट लाइट मय सोलर , उद्यान विकास, ई-लाइब्रेरी निर्माण, प्राथमिक विद्यालय भवन जीर्णोद्धार , संपर्क सड़क निर्माण , सड़क जीर्णोद्धार, ऑपेन जिम स्थापना,

चित्रकारी कार्य तथा खेल कक्ष निर्माण शामिल है। लक्ष्मीपुरा के पश्चात मंत्री कुमावत फ़लामादा पंचायत समिति पहुँचे जहाँ उन्होंने 3 करोड़ 18 लाख के कार्यो का शिलान्यास किया जिसमे पशु चिकित्सालय भवन निर्माण का शिलान्यास कार्य , राजस्व हाजियास से पंच पीपला देवनारायण मंदिर दांतडा सीमा तक सड़क निर्माण, फलामादा से भीलों का खेड़ा सड़क निर्माण शामिल है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कुमावत ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्थानीय निवासियों से अपील की कि वे इन विकास कार्यों का लाभ उठाएं।

# बीकानेर संभाग में वन विभाग की 21486 बीघा भूमि पर 1119 किसानों का कब्जा

## 65 हजार 400 बीघा भूमि ऑनलाइन जमाबंदी से ही गायब कर दी गई

- जांच करने पर पता चला है कि छत्तरगढ़, पूगल और खाजूवाला तहसील में वन विभाग की 65400 बीघा जमीन राजस्व रिकॉर्ड में तो है, लेकिन ऑनलाइन जमाबंदी में अराजीराज बोल रही है
- वन विभाग ने हाल ही में अपनी जमीनों के प्रकरणों का समाधान करने के लिए एक विस्तृत रिपोर्ट एसआईटी और गवर्नमेंट लैंड म्यूटेशन एडवाइजरी कमेटी को सौंपी है

**बीकानेर, (निसं)।** संभाग में वन विभाग की 21 हजार 486 बीघा भूमि पर 1119 किसानों का कब्जा है। इसके अलावा 65 हजार 400 बीघा भूमि ऑनलाइन जमाबंदी से ही गायब कर दी गई है। वन विभाग की जमीनों के दुरुपयोग के मामलों की जांच करने पर पता चला है कि छत्तरगढ़, पूगल और खाजूवाला तहसील में वन विभाग की 65400 बीघा जमीन राजस्व रिकॉर्ड में तो है, लेकिन ऑनलाइन जमाबंदी में अराजीराज बोल रही है। इसी प्रकार बीकानेर, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ के उपनिवेशन क्षेत्र में 21486 बीघा वन भूमि का दोहरा आवंटन 1119 किसानों को कर दिया गया। इसमें से बीकानेर के छत्तरगढ़, पूगल, खाजूवाला और कोलायत तहसील के 981 किसानों को आवंटित 18782 बीघा भूमि शामिल है।

जानकारी के अनुसार वन विभाग ने हाल ही में अपनी जमीनों के प्रकरणों का समाधान करने के लिए एक विस्तृत रिपोर्ट राज्य सरकार की ओर से गठित जिले के विशेष जांच दल (एसआईटी) और गवर्नमेंट लैंड म्यूटेशन एडवाइजरी कमेटी को सौंपी है। इसे लेकर राजस्व विभाग में खलबली मची हुई है, क्योंकि दोहरे आवंटन के रिकॉर्ड बाहर आने से किसानों के नाम उजागर होंगे और गड़बड़ियां भी सामने आएंगी।

बीकानेर वन मंडल में करीब दो हजार बीघा वन भूमि चिन्हित की गई है, जिसे अराजीराज घोषित कर दिया गया है। बीडीए की जोड़बीड़ आवासीय कॉलोनी की पांच सौ बीघा जमीन भी इसके दायरे में है। यह मामला हालांकि कोर्ट में लंबित बताया जा रहा है, क्योंकि प्रशासन ने इस भूमि के बदले वन विभाग को दूसरी जगह भूमि का आवंटन अब तक नहीं किया है। हालांकि वन कानून के तहत जोड़बीड़ गिद्ध संरक्षण क्षेत्र से सटी इस वन भूमि का अधिग्रहण नहीं किया जा सकता। पूगल और छत्तरगढ़ तहसील में सोलर कंपनियों को बेचने के लिए करीब नौ हजार बीघा जमीन का घोटाला माफिया और राजस्व अधिकारियों-कर्मचारियों की मिलीभगत से हुआ था। उसके बाद एसआईटी और गवर्नमेंट लैंड म्यूटेशन एडवाइजरी कमेटियां अस्तित्व में आईं। उसी दौरान विभाग की जमीनों का घोटाला उजागर करने वाले रेंजर डॉ. योगेंद्र सिंह राठौड़ का तबादला कर दिया गया। अब रिकॉर्ड तैयार करने में दिक्कतें आ रही है।

सुप्रीम कोर्ट के मामले टी.एन. गोदावर्मन बनाम भारत सरकार में 15 मई 2025 को दिए गए निर्देशों के अनुपालन में राज्य सरकार ने हर जिले में एसआईटी का गठन किया है। एसआईटी यह जांच करेगी कि कहीं राजस्व विभाग के पास दर्ज आरक्षित वन भूमि (रिजर्व फॉरेस्ट लैंड) को किसी निजी व्यक्ति या संस्था को गैर-वन कार्यों के लिए तो आवंटित नहीं किया गया। यदि ऐसा पाया जाता है तो संबंधित भूमि को वापस लेकर वन विभाग को सौंपा जाएगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी कारणवश भूमि वापस लेना जनहित में उचित नहीं हो, तो उस भूमि की लागत संबंधित व्यक्ति या संस्था से वसूली जाएगी और यह राशि वन विकास में खर्च की जाएगी। इसके अलावा सभी प्रक्रियाएं एक वर्ष के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जिला स्तर पर गठित टीमों को 6 माह में अपना कार्य पूर्ण करने को कहा गया है। हालांकि एसआईटी का गठन हुए एक साल बीत गया है। अभी तक चार-पांच बैठकें हो चुकी है, लेकिन राजस्व विभाग की ढिलाई के कारण रिकॉर्ड की जांच ही ठप पड़ी है।

जी. वेंकटेश, डीएफओ, बीकानेर वन मंडल ने बताया कि बीकानेर वन मंडल की करीब दो हजार बीघा वन भूमि का प्रकरण एसआईटी के समक्ष रखा गया है। जोड़बीड़ आवासीय कॉलोनी के लिए ली गई जमीन भी कानूनन गलत है। इसका रिकॉर्ड देखा जा रहा है।

निशांत जैन, जिला कलेक्टर का कहना है कि एसआईटी का आदेश देख लिया है। राजस्व अधिकारियों से इस संबंध में चर्चा की जाएगी। उसके बाद वन विभाग के साथ भी बैठक करेंगे।

# खेतड़ी में 26 दिन से बंद पड़े मकान से गहने व नकदी चोरी

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी कस्बे के एक सूने मकान से चोरी की वारदात सामने आई है। इस संबंध में पीड़ित की ओर से थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला भी दर्ज करवाया गया है।

थानाधिकारी मोहनलाल ने बताया कि कस्बे के वार्ड नंबर 10 निवासी विष्णु कुमार शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई की वह परिवार सहित 13 मार्च को मकान बंद करके जयपुर चला गया था। जयपुर में लगभग 26 दिन रहने के बाद भतीजे की मौत हो जाने के कारण खेतड़ी आया। जब घर का मुख्य दरवाजा खोला तो अंदर चौक में जाने के बाद सारे कमरों के ताले टूटे हुए और सारे दरवाजे मकान के खुले थे। लोहे की अलमारी का लॉक तोड़ रखा था और संदूक को तोड़कर कपड़े बाहर गिराये हुए थे। इस दौरान जब घर में रखे सामान को संभाला तो घर से सोना चांदी के गहने व दो लाख रुपए गायब मिले। घर से अज्ञात चोर मकान को सूना देखकर चोर चोरी कर ले गए। इस दौरान उन्होंने पुलिस से मामले की जल्द जानकारी जुटाकर आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

थानाधिकारी मोहनलाल ने बताया कि मकान को सूना देखकर वारदात को अंजाम दिया गया है। पीड़ित की ओर से दी गई रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले को लेकर संदिग्ध लोगों व आसपास के सीसीटीवी फुटेज से जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया जाएगा।

# अवैध बजरी परिवहन करते आठ ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

- नासिरदा थाना टीम ने भी कार्रवाई की, चालक मौके से फरार हो गया

**टोंक, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में वृताधिकारी निवाई रामवअवतार के नेतृत्व में बरोनी थाना पुलिस की विशेष टीम ने अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए बजरी से भरी सात ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया।

बरोनी थानाधिकारी कुसुम ने बताया कि विशेष टीमों ने गश्त के दौरान गांव बहड़ की पहाड़ी के पास से इन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जप्त किया गया, जहां प्रत्येक ट्रॉली में लगभग 8-8 टन अवैध बजरी भरी हुई थी। पुलिस ने जब्त किए गए ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के चालकों एवं मालिकों के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी प्रकार नासिरदा थाना टीम द्वारा गश्त के दौरान केकडी देवली मार्ग मालेडा के पास एक ट्रैक्ट्र-ट्रॉली को अवैध बजरी के साथ जप्त किया गया है। इस दौरान मौके का फायदा उठाकर चालक मौके से फरार हो गया। जिसके खिलाफ थाने में प्रकरण दर्ज अनुसंधान जारी है।

# धौलपुर में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

## बताया जा रहा है कि युवक की दिमागी हालत ठीक नहीं थी

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर जिले के मनियां उपखण्ड में शनिवार शाम को ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार दुवाटी रोड निवासी 24 वर्षीय युवक रंजीत पुत्र फ़ैरन सिंह निवासी जमालपुर जो वर्तमान में दुवाटी रोड पर रह रहा था। उसकी दिमागी हालत ठीक न होने के कारण वह घूमते-घूमते रेलवे ट्रैक के पास पहुंच गया और हादसे का शिकार हो गया। सूचना मिलते ही मनियां थाना पुलिस और रेलवे पुलिस इंस्पेक्टर राजीव कुमार मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। एएसआई चंद्रभान सिंह ने बताया कंट्रोल रूम द्वारा सूचना मिली कि मस्तराम के ताल के निकट सैयद के पीछे रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया है, मैं जाप्ता सहित वहां पहुंचा और मृतक के शव को मनियां सीएससी की मोर्चरी रखवाया। मृतक के भाई किशन कुशवाह ने मर्ग दर्ज करते हुए बताया मेरा भाई रंजीत मनिया में फैरी लगाकर सब्जी बेचता था। उसे एक बार बुखार आया था, जिसके कारण उसकी दिमागी हालत खराब हो गई। इलाज में काफी पैसे भी खर्च किए, लेकिन दिमाग में बुखार चढ़ जाने के कारण उसने दिमाग का संतुलन खो दिया। वह दिमागी हालत से कमजोर था। कल मुझसे पैसे लेकर कहीं काम करने के लिए जा रहा था। पुलिस द्वारा हमें सूचना मिली कि वह ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई।

# अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धौलपुर वैभव शर्मा आरपीएस एवं वृताधिकारी वृत्त मनियां खलील अहमद आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी थाना दिहौली सुखराम विश्नोई आरपीएस (प्रो.) व जाब्ता द्वारा आरोपी पंकज कुमार को एक पिस्टल 25 बोर व चार जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार 11 अप्रैल को थानाधिकारी सुखराम विश्नोई आरपीएस (प्रो.) के द्वारा थाना से जसराम हैड कांस्टेबल मय जाब्ता को रवाना किया गया। जिस पर मुखबिर की सूचना पर मरैना से रैहना माता मंदिर रोड़ पर रामसिंह का पुरा गांव के पास डेम से नई सड़क गोलीपुरा की तरफ जाने वाले रास्ते पर आरोपी पंकज कुमार पुत्र रामअवतार खटीकको एक पिस्टल 25 बोर व चार जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा।

# बीकानेर में 24 हजार बैग नकली डीएपी, बीज और रॉ मटीरियल जब्त

## जांच में सामने आया कि केमिकल मिलाकर खाद तैयार की जा रही थी

- कोलायत और नाल क्षेत्र में दूसरी कार्रवाई में 64 हजार नकली खाद के बैग बरामद हुए, दो फैक्ट्रियां सील
- यह नकली खाद नेपाल तक सप्लाई होने का खुलासा हुआ है, जिससे बड़े नेटवर्क की पुष्टि हुई

**बीकानेर, (निसं)।** गजनेर थाना क्षेत्र के गंगापुरा में छापा मारकर करीब 24 हजार बैग नकली डीएपी, बीज और रॉ मटीरियल जब्त किया गया है। जांच में सामने आया कि केमिकल मिलाकर खाद तैयार की जा रही थी, जिससे फसल और जमीन को नुकसान हो रहा था। कोलायत और नाल क्षेत्र में दूसरी कार्रवाई में 64 हजार नकली खाद के बैग बरामद हुए, दो फैक्ट्रियां सील की गई। यह नकली खाद नेपाल तक सप्लाई होने का खुलासा हुआ है, जिससे बड़े नेटवर्क की पुष्टि हुई।

जानकारी के अनुसार खरीफ सीजन से पहले ही यूरिया की बढ़ती खपत ने कृषि विभाग की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में बुवाई शुरू होने से पहले असामान्य बिक्री ने संकेत दिए हैं कि कहीं न कहीं जमाखोरी और डायवर्जन का खेल चल रहा है। इसी के चलते कृषि विभाग ने सख्ती का रुख अपनाते हुए विक्रेताओं पर शिकंजा कस दिया है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पिछले साल कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा द्वारा राज्यभर में की गई ताबड़तोड़ छापेमारी के बाद भी यह प्रवृत्ति पूरी तरह खत्म नहीं हुई है, जिसके चलते अब जिला स्तर पर निगरानी और कड़ी कर दी गई है। कृषि विभाग के निर्देश पर कृषि आदान निरीक्षक लगातार उर्वरक विक्रेताओं के यहां औचक निरीक्षण कर रहे हैं। पीओएस मशीनों के जरिए स्टॉक और बिक्री का मिलान किया जा रहा है। आईएफएमएस पोर्टल से अधिक बिक्री वाले विक्रेताओं की सूची निकालकर संबंधित किसानों का भौतिक सत्यापन भी किया जा रहा है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि कहीं गड़बड़ी पाई गई तो उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत लाइसेंस निलंबन से लेकर एफआईआर तक की कार्रवाई की जाएगी।

नापासर क्षेत्र में बॉयोडीजल फैक्टरी पर छापे में 1.5 लाख लीटर बॉयोडीजल और 15 लाख नकद मिले। श्रीगंगानगर और अलवर में भी बीज कंपनियों की जांच में गड़बड़ी मिलने पर सख्त कदम उठाए गए। इन कार्रवाइयों से साफ हुआ कि प्रदेश में नकली खाद-बीज का संगठित नेटवर्क सक्रिय था। लगातार मिल रही शिकायतों और पिछले साल की बड़ी जब्ती के चलते यह कार्रवाई जरूरी मानी गई। सरकार का फोकस किसानों को शुद्ध खाद-बीज उपलब्ध कराना और उनकी पैदावार सुरक्षित रखना है।

त्रिलोक कुमार जोशी, अतिरिक्त निदेशक (कृषि विस्तार) बीकानेर का कहना है कि जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है, लेकिन असामान्य बिक्री को गंभीरता से लिया जा रहा है। हर विक्रेता और स्टॉक पर नजर रखी जा रही है। यदि कहीं भी डायवर्जन या जमाखोरी सामने आती है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अलग-अलग मामलों में 12 जने गिरफ्तार

**फुलेरा, (निसं)।** पुलिस थाना फुलेरा, जिला जयपुर ग्रामीण द्वारा रविवार को विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 12 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सभी से पूछताछ शुरु कर दी है।

फुलेरा थानाधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा शांतिभंग, शराब पीकर वाहन चलाने तथा स्थायी वारंटी मामलों में यह कार्रवाई की गई। शांतिभंग के तहत 8 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें कमलेश, दीपक कुमावत, रवि कुमार, कैलाश सिंह, रविराज सिंह, गोविंद सिंह, सूरज सिंह तथा वीरेंद्र सिंह शामिल हैं। वहीं शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में हरकरण, विनय कुमार और सुनील कुमार को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा स्थायी वारंटी के तहत आरोपी रामेश्वर सैनी (34) को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# छबड़ा : गुगोर किले के पीछे जंगल में भीषण आग लगी

## आग ने तेजी से फैलते हुए लगभग 5 से 7 हेक्टेयर वन क्षेत्र को चपेट में लिया

- आग से झाड़ियां जलकर राख हो गई, जबकि सागवान के पेड़ों को भी नुकसान पहुंचा

**छबड़ा, (निसं)।** नगर से आठ किमी दूर स्थित ऐतिहासिक गुगोर किले के पीछे पहाड़ी जंगल में शनिवार रात करीब आठ बजे भीषण आग लग गई। आग ने तेजी से फैलते हुए लगभग 5 से 7 हेक्टेयर वन क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान व्यापक स्तर पर झाड़ियां जलकर राख हो गई, जबकि सागवान के पेड़ों को भी नुकसान पहुंचा।

सरपंच (प्रशासक) राजेन्द्र खारोल के अनुसार सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और दमकल मौके पर पहुंची। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैल रही थी, लेकिन करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। प्राथमिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि किसी व्यक्ति द्वारा फेंकी गई बीड़ी से आग लगी हो सकती है। सूखी घास ने आग को और भड़काया, जिससे लपटें तेजी से फैलीं। हालांकि, आग लगने के कारणों की पुष्टि के लिए वन विभाग ने जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि नगर के पास पहाड़ी पर स्थित गुगोर किला एक ऐतिहासिक स्थल है, जहां आसपास घना जंगल होने के कारण पर्यटक बड़ी संख्या में आते हैं। आग की लपटें दिखने पर स्थानीय लोगों ने प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया और बड़े नुकसान को टाल दिया गया। इस घटना में वनस्पति को भारी नुकसान हुआ है, वहीं कई वन्य जीवों के प्रभावित होने की भी आशंका है। रात के अंधेरे में पहाड़ी क्षेत्र में आग बुझाने के दौरान वनकर्मियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

# खेतड़ी : हथियार सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी पुलिस ने हथियार सप्लाई करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले तीन माह से फरार चल रहा था।

थानाधिकारी मोहनलाल ने बताया कि 18 जनवरी को सक्रिय अपराधियों, अवैध कारोबारियों, एचएस की चैकिंग व धरपकड़ तथा एरिया डोमीनेशन अभियान के तहत खेतड़ी थाने के हिस्ट्रीशीटर अपराधी सुनिल उर्फ अनिल के रिहायशी मकान की तलाशी के दौरान निवास स्थान से 28 जिंदा कारतूस मिलने पर सहयोगी विक्रम गुर्जर को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया था। एचएस सुनिल उर्फ अनिल के वक्त घटना से फरार होने पर थाना पर मामला दर्ज किया गया। घटना में वांछित मुल्जिम सुनिल उर्फ अनिल को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। जिससे पूछताछ करने पर 28 जिंदा कारतूस आरोपी सोमदत्त से लिया जाना बताया। हथियार सप्लाई करने के मामले में फरार आरोपी सोमदत की तलाश के लिए टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा आरोपी के रिश्तेदारियों व सम्भावित स्थानों पर दबिश दी गई। इस दौरान पुलिस ने खैरोली हरियाणा निवासी सोमदत्त पुत्र हजारीलाल को गिरफ्तार कर लिया।

थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी मोहनलाल, एएसआई धूडसिंह, एचसी महेश, कांस्टेबल अनिल, महिपाल, योगेश कुमार आदि शामिल थे।

# बांसवाड़ा : गेहूं चोरी के मामले का आरोपी गिरफ्तार, गेहूं बरामद

**बांसवाड़ा, (निसं)।** आंबापुरा थाना पुलिस ने गेहूं चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार करते हुए चोरी किया हुआ गेहूं बरामद किया है।

थानाधिकारी निर्भय सिंह राणावत ने बताया कि गत 17 मार्च को प्रार्थी प्रकाश पटेल निवासी बोरिया ने रिपोर्ट दी कि 14 मार्च को रात्रि में मकान के बाहर खुले में गेहूं भरे 17 कट्टे पड़े थे। प्रार्थी व उसका परिवार शाम का खाना खाकर सो गये थे। सुबह सात कट्टे गायब मिले, जिनमें लगभग 5 क्विंटल गेहूं था। मामला दर्ज करते हुए थानाधिकारी राणावत के नेतृत्व में टीम गठित की गयी एवं सूचना तंत्र मजबूत करते हुए जगह-जगह मुखबिर तैनात किये गये। वहीं तकनीकि सहायता से चोरों की तलाश की गयी जिस पर शिवा पुत्र रूपलाल कटारा व नरेंग पुत्र बहादुर कटारा निवासी सेमलापाड़ा संदिग्ध पाये गये। जिस पर शिवा को डिटेन कर पूछताछ की गयी तो उसने अपने अन्य साथी नरेंग के साथ मिलकर वारदात करना स्वीकार किया। पूछताछ के बाद शिवा को गिरफ्तार कर घटनास्थल की तस्दीक कराते हुए मामले में तीन कट्टे गेहूं बरामद किये गये। पुलिस शेष आरोपी नरेंग की तलाश कर रही है। पुलिस टीम में थानाधिकारी निर्भय सिंह राणावत, एएसआई पारचंद, कांस्टेबल भागचंद, कांस्टेबल कमल सिंह व रिक्रुट कांस्टेबल हर्षराज सिंह शामिल रहे।

# चिकित्सा मंत्री ने खींवसर में जिला अस्पताल का शिलान्यास किया

- हर नागरिक तक उत्तम चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार हो रहा हैः चिकित्सा मंत्री





**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने लोगों का निक्षय पोषण किट दिये।**

**जयपुर/नागौर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि राज्य सरकार गांव-ढाणी तक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में लगातार हर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। शहरों से लेकर कस्बों तक में चिकित्सा संस्थानों को क्रमोन्नत किया जा रहा है और नए भवन बनाए जा रहे हैं, ताकि लोगों को इलाज के लिए बड़े शहरों में जाने की मजबूरी नहीं रहे। चिकित्सा मंत्री रविवार को नागौर जिले के खींवसर में जिला अस्पताल के नए भवन के भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जिला अस्पताल के भवन का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस जिला चिकित्सालय के निर्माण से खींवसर सहित आसपास के गांवों के हजारों लोगों को अत्याधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से मिल सकेंगी।

खींवसर ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि हर नागरिक को उसके अपने क्षेत्र में ही उत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। खींवसर में जिला चिकित्सालय का निर्माण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इससे आमजन को समय पर उपचार मिलेगा और उन्हें दूरस्थ स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सरकार जनकल्याण और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

खींवसर विधायक रेवंतराम डांगा ने जिला अस्पताल स्तर की स्वास्थ्य सुविधा विकसित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नागौर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जुगलकिशोर सैनी, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी जिला अस्पताल खींवसर डॉ. रामजीत टांक, मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीफल मीणा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# जोधपुर में मंदिर से लाखों के गहने ले गए चोर

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर जिले के लूणी थाना क्षेत्र के सजाडा गांव स्थित त्रिलोक चंद भारती मंदिर में अज्ञात चोरों ने देर रात चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मंदिर से लाखों रुपए कीमत के चांदी के गहने चोरी कर ले गए।

पुलिस के अनुसार दस अप्रैल की रात चोर मंदिर में दाखिल हुए। उस समय मंदिर के पुजारी पिंटू भारती परिसर में ही सो रहे थे, लेकिन चोरों ने बेहद शातिर तरीके से वारदात को अंजाम दिया। चोर करीब 5 किलो चांदी के गहने, 7 मुकुट और 22 छत्र लेकर फरार हो गए। सुबह जब पुजारी की आंख खुली तो मंदिर के हालात देख तुरंत ट्रस्ट सदस्यों और ग्रामीणों को सूचना दी गई। देखते ही देखते मंदिर परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शंभूसिंह पुत्र पहाड़सिंह निवासी सजाडा की रिपोर्ट पर लूणी थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर आसपास के क्षेत्रों में तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई छोटूराम को सौंपी गई है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में गहरा रोष है।

# चूरू में 11 तस्कर गिरफ्तार, लाखों का मादक पदार्थ जब्त

**चूरू, (निसं)।** चूरू पुलिस ने ऑपरेशन नकेल के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच दिनों में 11 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। 8 से 12 अप्रैल तक चले इस अभियान में जिले के विभिन्न थानों में 8 मामले दर्ज किए गए हैं। इसमें पुलिस ने करीब 54 लाख रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए हैं।

पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्रवाई के दौरान 80.701 ग्राम हेरोइन, 2.133 किलोग्राम डोडा-पोस्त चूरा, 3 किलो 270 ग्राम अफीम और 100 ट्रामाडोल नशे की टैबलेट जब्त की गई। इसके अतिरिक्त, एक ट्रक, एक कार और एक बाइक भी जब्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 52 लाख रुपये है। एसपी निश्चय प्रसाद एम ने बताया कि आजकल ड्रग्स का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है, जिससे स्कूल और कॉलेज के युवा इसकी चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नशे की लत युवा पीढ़ी के भविष्य को खराब कर रही है और सामाजिक वातावरण को भी प्रभावित कर रही है, जिससे परिजन तनाव में रहते हैं। चूरू में नशे के बढ़ ते कारोबार पर लगाम कसने के लिए यह अभियान चलाया गया है, जिसमें आमजन का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। एसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि युवाओं को अवैध ड्रग्स बेचने वालों की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, दो जने घायल

- अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी थी

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के गंगापुर-सवाई माधोपुर हाईवे पर चिरोली गांव के पास शनिवार देर रात एक सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, मोरपा निवासी मदन लाल रेगर (55) और पप्पू सैन (40) बाइक से गंगापुर सिटी से मजदूरी कर अपने गांव सवाई माधोपुर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान चिरोली गांव के पास यह हादसा हुआ। सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को तुरंत गंगापुर सिटी के राजकीय जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टर ने मदन लाल रेगर को मृत घोषित कर दिया। वहीं, पप्पू सैन पुत्र भौरी निवासी मोरपा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक इलाज के बाद उसे जयपुर रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और रविवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# व्हाइट टाइगर भीम और गोल्डन टाइग्रेस स्कंधी हुई सैलानियों से मुखातिब

## नाहरगढ़ जैविक उद्यान में टाइगर सफारी बनी आकर्षण का केंद्र

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के नाहरगढ़ जैविक उद्यान में रविवार को पर्यटकों का सैलाब उमड़ पड़ा। बदलते मौसम के सुहावने मिजाज और छुट्टी के दिन के उत्साह ने पर्यटकों को प्रकृति की गोद में खींच लाया। कुल 1704 पर्यटकों ने नाहरगढ़ जैविक उद्यान का भ्रमण कर वन्यजीवों का नजदीक से अवलोकन किया।

- **रविवार को 1704 सैलानियों ने किया पार्क का भ्रमण**
- **सफेद बाघ की राजस्थान की पहली सफारी बना नाहरगढ़ जैविक उद्यान**



**रविवार को नाहरगढ़ जैविक उद्यान में सफारी के दौरान सैलानियों ने टाईगर्स का नजदीक से अवलोकन किया।**

इस दौरान लायन सफारी और टाइगर सफारी पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण बनी रहीं। 216-216 पर्यटकों ने दोनों सफारियों का रोमांचक अनुभव प्राप्त किया और शेर व व्हाइट बाघ भीम व उसकी गोल्डन बहिन बाघिन स्कंधी की चंचल अदाओं को देख उत्साहित हुए। बाघों की गर्जना और शेरों के शाही ठाठ ने पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

नाहरगढ़ जैविक उद्यान में संचालित दो प्रमुख सफारियां - टाइगर सफारी और लायन सफारी - इन दिनों जयपुरवासियों और बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए बड़ी आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। शहर के मध्य में प्राकृतिक हरियाली और वन्यजीवों का यह संगम, लोगों को पारिवारिक सैर और रोमांच का अनूठा अनुभव प्रदान कर रहा है।लोग सफेद टाइगर को सफारी में देखकर अभिभूत हुए । राजस्थान की एक मात्र सफेद बाघ की सफारी में पर्यटक आज सफेद बाघ उसकी गोल्डन बहिन स्कंधी की अठखेलियां देख रोमांचित नजर आए

उप वन संरक्षक विजयपाल सिंह के निर्देशन में पर्यटकों की सुरक्षा, सुविधाओं और प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एसीएफ देवेंद्र सिंह राठौड़ रेंजर शुभम शर्मा ने रविवार को सफारियों की सघन मॉनिटरिंग की और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसीएफ देवेन्द्र सिंह राठौड़ की देखरेख में टूरिज्म मैनेजमेंट टीम द्वारा सफारी संचालन और भीड़ नियंत्रण की प्रभावी व्यवस्था की गई। पर्यटकों को टिकटिंग, वाहन सुविधा, दिशा-निर्देश और सफाई व्यवस्थाओं में पूर्ण सहयोग प्रदान किया गयाइसके साथ ही देवेन्द्र सिंह राठौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि सफेद बाघ भीम और गोल्डन बाघिन स्कंधी को टाइगर सफारी में शिफ्ट किया गया है आज से इन्हें टाइगर सफारी में पर्यटकों के दीदार के लिए छोड़ा गया है, पूर्व में इनकी अठखेलियां जैविक उद्यान में ही देखने को मिलती थी अब यह सफारी एरिया को गुलजार करेंगे।

वन विभाग की सतत निगरानी और प्रबंधन के कारण नाहरगढ़ जैविक उद्यान आज राज्य के सर्वाधिक लोकप्रिय वन्यजीव पर्यटन स्थलों में शुमार हो गया है। यह न केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है, बल्कि पर्यटकों के लिए शिक्षाप्रद और मनोरंजक अनुभव का केंद्र भी बन गया है।

इस कार्य में प्रदीप सैनी,राजाराम मीणा ,विजेंद्र चैधरी, दलीप सिंह शेखावत, कैलाश चन्द्र,सरिता चैधरी, बसंती गुर्जर,विमला मीना, हंसा कुमारी, उमेश वसिष्ठ, संतोष मौर्या, छोटी मीना ,रामलाल सैनी,बनवारी लाल शर्मा, गिरवर सिंह, सुरेश चंद मीना, भंवर सिंह आमला आदि ने व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया।

# मुख्यमंत्री ने की आमजन के साथ मॉर्निंग वॉक

## योग एवं व्यायाम को बताया स्वस्थ जीवन का सूत्र



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार सुबह मुख्यमंत्री निवास के बाहर लोक भवन रोड पर मॉर्निंग वॉक की।**

**जयपुर (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार सुबह मुख्यमंत्री निवास के बाहर लोक भवन रोड पर मॉर्निंग वॉक की। इस दौरान शर्मा ने लोगों के साथ संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने योग एवं व्यायाम के प्रति सजगता का संदेश देते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए हर किसी को कुछ समय के लिए ही सही लेकिन अपने लिए समय निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि मॉर्निंग वॉक से शरीर में पूरे दिन ताजगी तथा ऊर्जा बनी रहती है। मुख्यमंत्री की आत्मीयता को देखकर आमजन में उत्सुकता नजर आई और वे भी साथ कदमताल करने लगे। वॉक के दौरान बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने इस पल को अपने मोबाइल में कैद किया और मुख्यमंत्री के साथ सैल्फी भी ली।

- **बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने मुख्यमंत्री के साथ ली सेल्फी**

# राष्ट्रीय मठ मंदिर संघ महाधिवेशन में गूंजे मंदिर सुरक्षा के मुद्दे



**राष्ट्रीय मठ मंदिर संघ की ओर से जयपुर में आयोजित महाधिवेशन में संत-महंतों ने हिस्सा लिया।**

**जयपुर।** राष्ट्रीय मठ मंदिर संघ द्वारा जयपुर में महाधिवेशन का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न मठ-मंदिरों के महंत, पुजारी एवं संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लेकर धार्मिक एवं सामाजिक विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गोपाल शर्मा उपस्थित रहे।

महाधिवेशन का आयोजन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान सहाय शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष राम पंडा के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान संगठन की भावी योजनाओं और मठ-मंदिरों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में बताया गया कि संघ चार प्रमुख विषयों पर निरंतर कार्य कर रहा है-मठ एवं मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, पुजारियों व महंतों की सुरक्षा, मंदिरों की भूमि की रक्षा तथा माफी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराना।

महाधिवेशन में संगठन की महिला विंग का गठन कर विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गईं। महिला विंग महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के साथ ही प्रताड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय मठ मंदिर संघ समाज और धर्म से जुड़े मुद्दों पर निरंतर कार्य करता रहेगा तथा मठ-मंदिरों की सुरक्षा और सम्मान के लिए संगठन को और सशक्त बनाया जाएगा।

# चलती बाइक पर युवती से छेड़छाड़ करने वाले 4 बदमाश गिरफ्तार

## 27 दिसंबर 2025 को की थी वारदात, 2 दिन पहले सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था वीडियो

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** मुहाना क्षेत्र में चलती बाइक पर युवती से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में शराब पार्टी के बाद स्टंट का वीडियो बनाते समय युवती से अभद्रता करना कबूल किया है।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में मनराज मीणा (24) व सुदामा मीणा (24) निवासी नगरफोर्ट (टोंक), महेश बंजारा (19) निवासी नगरफोर्ट (टोंक) और लोकेश बंजारा (21) निवासी बांदीकुई (दौसा) शामिल हैं। मुख्य आरोपी मनराज मीणा के खिलाफ पूर्व में भी करीब आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। आरोपियों को पकड़ने में हेड कॉन्स्टेबल लोकेश, भंवरलाल और कॉन्स्टेबल ओमप्रकाश की अहम भूमिका रही।थानाधिकारी गुर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि 10 अप्रैल को घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसकी जांच साइबर टीम व एसीआरबी द्वारा की गई। जांच में घटना स्थल मुहाना क्षेत्र का पाया गया। सूरजमल सर्किल से न्यू सांगानेर रोड की ओर जा रही युवती का पीछा कर दूसरी बाइक पर सवार आरोपियों ने चलती बाइक पर छेड़छाड़ की थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वयं एफआईआर दर्ज की और 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आरोपियों की पहचान की। पुलिस से बचने के लिए ठिकाने बदल रहे आरोपियों को दौसा में दबिश देकर गिरफ्तार किया गया।

- **इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपियों को दौसा से दबोचा**

जांच में सामने आया कि 27 दिसंबर को चारों आरोपी जयपुर में शराब पार्टी करने आए थे। इसके बाद मनराज व सुदामा आगे बाइक पर और लोकेश व महेश दूसरी बाइक पर पीछे चल रहे थे। इसी दौरान वीडियो बनाने के दौरान आरोपियों ने युवती से छेड़छाड़ की और पूरी घटना रिकॉर्ड कर ली। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# राज्यपाल ने आशा भोसले के निधन पर शोक जताया

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय संगीत जगत की अपूरणीय क्षति है।

राज्यपाल बागडे ने कहा की भारतीय सिने संगीत, शास्त्रीय और सुगम संगीत में आशा भोसले का अप्रतिम योगदान रहा है। उन्होंने भारतीय फिल्म संगीत को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाते लगभग सभी भारतीय भाषाओं में संगीत की हमारी परम्परा को समृद्ध किया। उनका निधन अत्यंत दुःखद एवं कला जगत की अपूरणीय क्षति है। राज्यपाल ने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति और परिजनो, प्रशंसकों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

# गर्भवती महिला से छेड़छाड़ का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

जयपुर। राजधानी के जवाहर सर्किल क्षेत्र में गर्भवती महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए रविवार दोपहर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार वीडियो में एक बदमाश मोबाइल पर बात करते हुए जा रही महिला का पीछा करता नजर आता है। काफी दूरी तक पीछा करने के बाद सुनसान गली में मौका पाकर वह पीछे से महिला को पकड़कर छेड़छाड़ करता है। महिला के विरोध कर शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो जाता है। थानाधिकारी आशुतोष सिंह ने बताया कि इस मामले में अब तक कोई औपचारिक शिकायत प्राप्त नहीं हुई थी, लेकिन वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने स्वयं संज्ञान लेकर कार्रवाई की है। प्रारंभिक जांच में यह वीडियो 25 मार्च का बताया जा रहा है। राजस्थान पुलिस मुख्यालय ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। नई आपराधिक कानूनों की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाश की पहचान के प्रयास जारी हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अवैध शराब बेचता आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** शहर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत भांकरोटा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध देशी शराब बेचते एक आरोपी विनोद कुमार सासी (34), निवासी सांसीयों की ढाणी, गांव मदाऊ (जयपुर) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पांच कार्टून में 228 पव्वे देशी शराब और 18 हजार 300 रुपए नकद बरामद किए गए हैं।

# बाड़मेर सबसे गर्म, जयपुर में रात का पारा 5 डिग्री उछला

**जयपुर।** पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होते ही प्रदेशभर में तापमान में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। राजस्थान के कई शहरों में दिन का पारा 37 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिससे गर्मी का असर तेज हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में मौसम शुष्क रहने के कारण तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना है।

प्रदेश में बाड़मेर का अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सबसे अधिक रहा, जबकि फलोदी में न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म रात रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा कोटा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, जैसलमेर, जोधपुर, जालोर, प्रतापगढ़ और फलोदी सहित नौ शहरों में दिन का तापमान 37 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया।मौसम विभाग के अनुसार जयपुर सहित करीब 15 शहरों में रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिससे रात के समय भी गर्मी का असर महसूस किया जा रहा है।जयपुर में रविवार को मौसम साफ रहने के साथ हल्की हवाएं चलीं। इससे दिन के तापमान में करीब 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई, जबकि शनिवार रात हल्के बादल छाने के कारण न्यूनतम तापमान में लगभग 5 डिग्री की बढ़ोतरी हुई। शहर का अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में भी जयपुर सहित प्रदेशभर में तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा, लेकिन गर्मी का प्रभाव लगातार बढ़ने की संभावना है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकतांत्रिक इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा : मंजू शर्मा

## उन्होंने कहा कि जब महिलाएं नेतृत्व की भूमिका में आती हैं, तो शासन की प्राथमिकताओं में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, जल और स्वच्छता जैसे विषयों को अधिक महत्व मिलता है।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 को देश के लोकतांत्रिक इतिहास में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ उन्हें नीति निर्माण की मुख्यधारा में लाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सांसद शर्मा ने कहा कि सितंबर 2023 में पारित यह संवैधानिक संशोधन लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण सुनिश्चित करता है। यह कदम महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ-साथ देश के समग्र विकास को नई गति देगा।



**जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता की।**

उन्होंने कहा कि जब महिलाएं नेतृत्व की भूमिका में आती हैं, तो शासन की प्राथमिकताओं में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, जल और स्वच्छता जैसे विषयों को अधिक महत्व मिलता है। यह अधिनियम महिलाओं को नीति की लाभार्थी से नीति की निर्माता बनाने की दिशा में निर्णायक साबित होगा।सांसद शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जन धन योजना, मुद्रा योजना और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और वित्तीय रूप से मजबूत किया गया है। इसके साथ ही उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन स्तर में व्यापक सुधार किया है। उन्होंने बताया कि इन प्रयासों के परिणामस्वरूप लड़कियों की माध्यमिक स्तर पर नामांकन दर 80.2 प्रतिशत तक पहुंच गई है। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 4.6 करोड़ से अधिक खाते खोले गए हैं, जबकि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के माध्यम से 4.27 करोड़ से अधिक महिलाओं को पोषण सहायता मिली है। पोषण-2 के तहत 14 लाख से अधिक आंगनवाड़ी केंद्रों के जरिए 8.97 करोड़ लाभार्थियों तक सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। मुद्रा योजना के तहत 68 प्रतिशत ऋण महिलाओं को दिए गए हैं और उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ एलपीजी कनेक्शन वितरित किए गए हैं।

सांसद ने कहा कि देश में पिछले दशक में 32 करोड़ महिलाएं बैंकिंग प्रणाली से जुड़ी हैं और 72 प्रतिशत घर महिलाओं के नाम पर दर्ज किए गए हैं। साथ ही जल जीवन मिशन के तहत 14.45 करोड़ घरों में नल से जल उपलब्ध कराया गया है तथा मातृत्व अवकाश को 26 सप्ताह तक बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की मतदान में भागीदारी लगातार बढ़ रही है और पंचायतों में लगभग 46 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व यह दर्शाता है कि अवसर मिलने पर महिलाएं उत्कृष्ट नेतृत्व प्रदान करती हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से महिला प्रतिनिधित्व और अधिक सशक्त होगा, जिससे लोकतंत्र अधिक समावेशी, संतुलित और प्रभावी बनेगा।

# कोकीन-स्मैक सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर पूर्व जिला पुलिस की विशेष टीम ने जवाहर नगर, बजाज नगर और प्रताप नगर थाना पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए 'ऑपरेशन क्लीन स्वीप' के तहत अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने कोकीन और स्मैक की तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मादक पदार्थ, नकदी और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ जारी है।पुलिस उपायुक्त (पूर्व) डॉ. रंजीता शर्मा ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार सिंघल के सुपरविजन और संबंधित एसीपी के निर्देशन में विशेष टीम गठित कर तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। जवाहर नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने कोकीन सप्लायर अली (29) निवासी मुरादाबाद (हाल किरायेदार, मालवीय नगर) को गिरफ्तार किया।

# बागड़े से महाराष्ट्र के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा की भेंट



**राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की रविवार को लोकभवन, मुंबई में महाराष्ट्र के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा से मुलाकात हुई। इस दौरान दोनों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। दोनों की यह शिष्टाचार भेंट थी।**

# भरतपुर में बिजली तार चोरी करने आए सात बदमाशों को करंट लगा, एक की मौत

## हादसे में एक अन्य बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जयपुर रेफर किया

- चार्लीगंज इकरन गांव में सात बदमाश 1100 केवी की नई विद्युत लाइन के तार चोरी करने पहुंचे थे
- पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया, जिन्होंने वारदात में शामिल होना कबूल किया, बाकी आरोपियों की तलाश जारी



अस्पताल में पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की।

**भरतपुर, (निसं)।** चिकसाना थाना क्षेत्र के चार्लीगंज इकरन गांव में बिजली तार चोरी करने पहुंचे बदमाशों के साथ बड़ा हादसा हो गया। शनिवार देर रात करीब सात बदमाश 1100 केवी की नई विद्युत लाइन के तार चोरी करने पहुंचे थे, तभी करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से झुलस गया।

चिकसाना थाना के एएसआई हुकम सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान मथुरा के कृष्ण धाम कॉलोनी निवासी सुनील के रूप में हुई है। करंट लगने से वह बुरी तरह झुलस गया और उसका शव तारों पर ही लटक गया। वहीं, मथुरा के देवीपुरा गांव निवासी गौरव सैनी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पहले आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया और हालत गंभीर होने पर जयपुर रेफर किया गया है। पुलिस के मुताबिक इसी लाइन से तीन दिन पहले भी तार चोरी की घटना हुई थी, जिसके बाद ठेकेदार ने नए तार डालकर लाइन चालू करवाई थी। इसके बावजूद बदमाश दोबारा चोरी करने पहुंचे और हादसे का शिकार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तारों से उतरवाकर आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। देर रात गश्त के दौरान पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया, जिन्होंने पूछताछ में इस वारदात में शामिल होना कबूल किया है। बाकी आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस ने यह भी बताया कि मृतक सुनील के खिलाफ पहले से ही विद्युत लाइन चोरी के 3-4 मामले दर्ज हैं।

# नोखा पंचायत समिति के क्लर्क से 19.18 लाख की ठगी

- शेयर बाजार में निवेश के नाम पर मुनाफे का झांसा देकर ठगी की वरदात हुई, मामला दर्ज

**बीकानेर, (निसं)।** शेयर बाजार में निवेश करने पर फायदा दिलाने का झांसा देकर नोखा पंचायत समिति के क्लर्क से 19.18 लाख रुपए ठग लिए गए। साइबर ठगों ने क्लर्क को ऑनलाइन एकाउंट में लाभ सहित 36,19,371 रुपए दिखाए, लेकिन मिला कुछ भी नहीं। अब सायबर थाना पुलिस मामले की जांच करेगी।

जसरासर पुलिस थाना क्षेत्र के उत्तमामदेसर गांव निवासी रामनारायण सारण नोखा पंचायत समिति क्लर्क हैं। फरवरी माह में उसे एक व्हाट्सअप ग्रुप में जोड़ा गया, जिसका नाम आर 11-5पैसा वेल्थ इवोल्यूशन था। ग्रुप एडमिन शरत कुमार और शालिनी कुलकर्णी ने उसे शेयर बाजार में इन्वेस्ट करने पर लाभ दिलाने का झांसा दिया। उसे बातों में इस कदर उलझाया कि वह तैयार हो गया। उसे नए व्हाट्सअप ग्रुप 5पैसा वीआईपी सर्विस-122 से जोड़ा। क्लर्क का 5पीसीएलपीएम एप्लीकेशन पर रजिस्ट्रेशन कराया। उसके बाद शालिनी ने बताया कि एक आईपीओ में निवेश करना है। क्लर्क ने उसके बताए एकाउंट में शेयर बाजार में इन्वेस्ट के नाम पर 19,81,203 रुपए लगा दिए। निवेश के बाद पीसीएलपीएम अकाउंट में क्लर्क के पोर्टफोलियो में लाभ सहित 36,19371 रुपए दिखाए। लेकिन, जब उसने रुपए निकालने की कोशिश की तो सफल नहीं हुआ। इस संबंध में शालिनी से बात की तो उसने जवाब नहीं दिया जिससे शक हुआ। ठगे जाने की जानकारी मिलने पर क्लर्क ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। रिपोर्ट में बताया कि उसके साथ अन्य लोगों को भी शेयर बाजार में निवेश पर लाभ का झांसा देकर रुपए हड़पे गए हैं। साइबर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जिसकी जांच एएसआई ओमप्रकाश को सौंपी गई है।

# हादसे में दो महिला सहित चार घायल

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर के खेरोदा थाना क्षेत्र में सब्जी से भरे ट्रक ने ओवरटेक करने के चक्कर में कार को जोरदार टक्कर मार दी। कार में सवार दो महिलाएं, एक नाबालिग सहित 5 जने घायल हो गए। टकराने के बाद कार डिवाइडर पर चढ़ गई और ट्रक आगे जाकर पलट गया। ट्रक में से सब्जी के कट्टे बाहर बिखर गए।

हादसा रविवार दोपहर को नेशनल हाईवे 48 पर भटेवर स्थित ओवरब्रिज के पास हुआ। घटना के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों की मदद से घायलों को हॉस्पिटल पहुंचा गया। गनीमत रही कि किसी के गंभीर चोट नहीं लगी है। सूचना पर खेरोदा थाने हैड कांस्टेबल उदयलाल जाब्ते के साथ पहुंचे और घटना की जानकारी ली। क्रेन की मदद से ट्रक सीधा करवाकर साइड कराया और ट्रेफिक व्यवस्था बहाल कराई। पुलिस के अनुसार ट्रक और कार चित्तौड़गढ़ की तरफ से आ रहे थे।

# राजे को लेकर कही मेरी बात का गलत अर्थ लगाया : मदन राठौड़

- पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को लेकर दिए बयान पर बीजेपी अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि जो कहा, उसका मीडिया में गलत अर्थ निकाला गया

**जोधपुर, (कासं)।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ प्रधानमंत्री के पचपदरा दौरे की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जोधपुर संभाग के दौरे पर है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को लेकर दिए बयान पर बीजेपी अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जो कहा, उसका मीडिया में गलत अर्थ निकाला गया। मैंने यही कहा कि विधाता ही सबको जिम्मेदारी देता है। वहीं, काम सब अच्छे करते हैं, लेकिन किसको कब कहां जिम्मेदारी मिल जाए। कल मेरे से प्रश्न किया गया था, तब मैंने यही कहा कि किसी के लिए कुछ भी नहीं कहा जा सकता। सब ऊपर से तय होता है। मैंने जो कहा, उसका मतलब होता है ऊपर से निर्देशित होता है। इसमें किसी भी प्रकार का ऐसा नहीं है। हमारा कार्यकर्ता सिपाही की तरह काम करता है। जिस मोर्चे पर भेज दिया जाए, वहां कार्यकर्ता अपना दायित्व निभाता है।

मदन राठौड़ ने कहा कि मीडिया में कुछ हमारे अति उत्साही साथियों ने मेरे द्वारा कहे गए दोहे का दूसरा अर्थ निकाल लिया, जबकि उसका मतलब यही है कि विधाता तो तय करता है, वही होता है। हमसे कोई क्या उम्मीद कर सकता है? हमसे क्यों झगड़ा करते हो, विधाता से करो, उससे प्रार्थना करो। ये अर्थ था, लेकिन अब लोग नहीं समझ पाते हैं तो क्या करें। भाजपा में गुटबाजी पर मदन राठौड़ ने कहा कि हम सब एक हैं, हम सब समझ के साथ काम करते हैं। हमारी कल भी वसुंधराजी से बात हुई थी। हम सभी समन्वय बनाकर काम कर रहे हैं। पचपदरा में रिफाइनरी को लेकर मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने रिफाइनरी को लटकाए रखा। कांग्रेस ने चुनाव के समय सोनिया गांधी को बुलाकर इसका लोकार्पण करवाया, लेकिन भाजपा सरकार आने के बाद रिफाइनरी के काम में तेजी आई। जब रिफाइनरी शुरू होगी तो उससे करीब 90 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

भाजपा ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को लेकर कहा कि वे एक महान विद्वान थे, जिन्होंने इतना अच्छा संविधान तैयार किया, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें कभी आगे नहीं आने दिया। नेहरू ने उन्हें सदन में पहुंचने से रोकने के लिए उनके सामने उम्मीदवार खड़े करवा दिए, ताकि वे चुनाव जीतकर सदन में नहीं पहुंच सकें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद से ही अंबेडकर के जन्म स्थान से लेकर जहां उन्होंने शिक्षा प्राप्त की, वहां उन्होंने स्मारक बनवाया। इसके अलावा विदेश में जहां उन्होंने शिक्षा प्राप्त की, उस भवन को खरीदकर वहां स्मारक के रूप में विकसित किया गया।

# घर में घुसकर महिला से मारपीट

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ थाने के गांव रडवा की महिला ने अपने घर पड़ोसियों के खिलाफ एकराय होकर पत्थरबाजी कर घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप का मामला थाने में दर्ज करवाया है।

थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि संपत पत्नी बजरंगलाल जाट ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि उनके ही परिवार के सतवीर पुत्र शुभराम, सचिन पुत्र सुरेन्द्र व कृष्णा पत्नी सुरेन्द्र, अक्षय पुत्र सतबीर, कमलेश पत्नी सतबीर, सुलतान पुत्र मुंशीराम, कमला पत्नी सुलतान जाट निवासी रडवा एकराय होकर पत्थर मारते हुए उनके घर में घुस गये तथा उसके साथ मारपीट की। पीडिता ने बताया कि उस समय वह घर पर अकेली थी। इन तीनों के द्वारा पेंके गये, पत्थर से उसके आंख के पास व चेहरे पर चोट लगी और उसके दाहिने हाथ पर भी चोट लगी। पुलिस ने बीएनएसएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू करदी है। प्रकरण का अनुसंधान पारस एएसआई को सौंपा गया है।

# हिंडौन सिटी : गंदे पानी की सप्लाई से लोग परेशान, मुख्यमंत्री से गुहार लगाई

- लोगों ने कहा कि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन को मजबूर होंगे

**हिंडौन सिटी, (निसं)।** हिंडौन सिटी के खेड़िया रोड स्थित पानी की टंकी से दूषित और बदबूदार पेयजल आपूर्ति होने के कारण क्षेत्र के लोग लंबे समय से परेशान हैं। वार्ड नंबर 17 के पार्षद प्रतिनिधि उदयसिंह धाकड़ के नेतृत्व में दर्जन लोगों ने इस गंभीर समस्या को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर समाधान की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया है कि खेड़िया रोड से जुड़ी कॉलोनियों में नलों के माध्यम से गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है, जिससे लोगों को पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस समस्या का मुख्य कारण करीब 4-5 वर्ष पूर्व हुए सीवरेज कार्य के दौरान 14 इंच की पाइपलाइन का जगह-जगह क्षतिग्रस्त होना बताया गया है। इसके चलते सीवर और पेयजल लाइनें आपस में मिल गई हैं, जिससे पानी दूषित हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस संबंध में कई बार पीएचईडी विभाग और संबंधित अधिकारियों को लिखित व मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। आरोप है कि विभाग के अभियंताओं द्वारा लापरवाही बरती जा रही है, जबकि बिना नई पाइपलाइन डाले समस्या का समाधान संभव नहीं है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पिछले माह वार्ड की दो महिलाएं दूषित पानी के कारण बीमार हो गईं, जिनका उपचार जयपुर में कराना पड़ा। वर्तमान में भी क्षेत्र के कई लोग पेट दर्द, उल्टी, दस्त, खुजली व एलर्जी जैसी बीमारियों से ग्रस्त हैं।

उदयसिंह धाकड़ ने बताया कि अमृत योजना के तहत करोड़ों रुपए की राशि जल स्त्रोतों और नई पाइपलाइन के लिए स्वीकृत होने के बावजूद कार्य अधूरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि संवेदक और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से योजना का लाभ जनता तक नहीं पहुंच पाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि खेड़िया रोड पानी की टंकी क्षेत्र में जहां-जहां पाइपलाइन क्षतिग्रस्त या नहीं है, वहां नई पाइपलाइन डलवाई जाए। साथ ही जल स्त्रोतों को जोड़कर नियमित और स्वच्छ जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को शुद्ध पेयजल मिल सके। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।




बीकानेर पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा द्वारा जिले में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए प्रभावी अभियान ''ऑपरेशन नीलकंठ'' से प्रेरित होकर सामाजिक कार्यकर्ता भूरमल सोनी, अर्पिता गुप्ता, सीए प्रणाम द्वारा अक्षय तृतीया पर पतंगों पर नशे के खिलाफ श्लोगन लिखकर जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। नीति शर्मा, श्वेता कोठारी, खुशबू कोठारी, खुशबू खथूरिया, प्रिया भार्गव, कृष्ण पनेचा, वीरेंद्र राजगुरु, सुरेंद्र जोशी, कुलदीप भोजक, साहिल चौधरी, डॉ.पी के सरीन, महावीर कुमार सहदेव, तेजस सोनी, धुव्र सोनी आदि ने जूनागढ़, पब्लिक पार्क आदि कई स्थानों पर आमजन को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी।

# वाहन की टक्कर से युवक घायल

**डूंगरपुर, (निसं)।** आसपुर के दोवड़ा थाना क्षेत्र के मोवाई बस स्टैंड के पास रविवार की सुबह एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर घायल हो गया। घायल युवक को 108 एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे डूंगरपुर रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, लीलवासा निवासी अशोक पुत्र कचरूलाल पंचाल मोवाई मोड़ से अपने गांव की ओर पैदल जा रहा था। इसी दौरान आसपुर की तरफ से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अशोक सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से चोटिल हो गया।घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। टक्कर मारने वाला वाहन चालक अपनी कार सहित मौके से फरार हो गया।

# टोंक में युवक ने आत्महत्या

**टोंक, (निसं)।** टोडारायसिंह मुख्यालय स्थित कोली मोहल्ला के वार्ड नंबर 11 में एक 20 वर्षीय युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया तथा पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामले में देवेंद्र कुमार कोली पुत्र राजेन्द्र कुमार जो शुक्रवार को अपने रिश्तेदार के यहां से घर लौटा था।

# स्मैक सहित एक आरोपी गिफ्तार

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के निर्देशन में पुलिस थाना बाड़ी द्वारा अवैध मादक पदार्थ स्मैक (हैरोइन) की तस्करी के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार बाड़ी कोतवाली थानाप्रभारी देवेन्द्र शर्मा पुलिस निरीक्षक मय टीम द्वारा थाना इलाके में गश्त व अवैध कार्य करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु थाने से रवाना होकर नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान नई प्लाटिंग की तरफ से एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जो पुलिस को देखते ही डर गया और वापस मुड़कर वापस चलने लगा तो थानाधिकारी मय जाब्ता ने उक्त व्यक्ति को पकड़कर पूछाताछ की तो कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। जिसकी तलाशी ली गयी तो थैली मिली जिसमें स्मैक (हैरोइन) होना पाया गया। महेन्द्र से अवैध मादक पदार्थ स्मैक को अपने कब्जे में रखने, लाने-ले जाने बावत वैध अनुज्ञापत्र मांगा तो अपने पास कोई अनुज्ञापत्र होना नहीं बताया। मादक पदार्थ स्मैक की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछा गया तो बताया कि मैं उक्त स्मैक (हैरोइन) में कुछ तो सुरेन्द्र सिंह पुत्र केशव मीना निवासी सिंगौरई थाना कंचनपुर जिला धौलपुर से खरीद कर लाया था एवं कुछ स्मैक (हैरोइन) में गूंगा उर्फ संजीब पुत्र राधेश्याम निवासी खिदरपुर थाना आंगई जिला धौलपुर हाल कायस्थ पाडा बाडी थाना बाडी जिला धौलपुर से लेकर आया था। उक्त स्मैक का वजन किया गया तो 5.900 ग्राम होना पाया गया। कोई वैध लाइसेंस व परमीशन नहीं होने पर स्मैक (हैरोइन) को नियमानुसार जप्त किया। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया।

# पानी निकालते समय कुण्ड में गिरा युवक, मौत

**सादुलपुर, (निसं)।** ददरेवा पुलिस चौकी एवं राजगढ़ थाने के गांव मानपुरा की रोही में खेत में बने कुण्ड से पानी निकालते समय पैर फिसलकर कुण्ड में गिरने से पानी में डूबने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद एएसआई पारस मय पुलिस टीम के मौके पर पहुंचे तथा घटना का मौका निरीक्षण किया, जिसके बाद मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनों को सौंप दिया है। थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि नरेश कुमार पुत्र लिखमाराम मेघवाल निवासी मानपुरा तहसील राजगढ़ जिला चूरू ने दर्ज मामले में बताया कि 11 अप्रैल को उसके पिताजी लिखमाराम उनके दिखनादे खेत में खेती का कार्य करने के लिए गये थे। जैसे ही वह अपने घर से रवाना होकर अपने खेत में पहुंचे तो खेत में बने पानी के कुण्ड का किवाड खुल्ला पड़ा था तथा उसके पिताजी का कमीज व जूते कुण्ड के बाहर पड़े थे। तब उसे शक होने पर उसने अपने चाचा रामनिवास पुत्र नारायण राम को फोन पर बताया कि जब उनके परिवार के उसके दादाजी भींवाराम उसके ताऊ चंदगीराम, प्रमोद कुमार पुत्र अमर सिंह मौके पर पहुंचे तो देखा कि उसके पिता पानी कुण्ड गिर चूके थे। फिर मौके पर रामनिवास, मदनलाल बैरवा व अन्य ग्रामीण पहुंच गये तथा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसके पिताजी का शव निकालकर सरकारी अस्पताल के मोर्चरी रूम में रखवाया। उसने बताया कि उसके पिताजी खेत में कृषि का कार्य करने गये थे, जिनका पानी निकालते समय पैर फिसलने से कुण्ड में गिर गये, जिससे उसके पिताजी लिखमाराम की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने घटना का मौका निरीक्षण किया तथा मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग रिपोर्ट दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

# दुकान में आग लगी

**रावतभाटा, (निसं)।** रावतभाटा नगर में रविवार दोपहर आग लगने की घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार एनटीसी गेट नंबर-1 के मुख्य मार्ग पर स्थित एक दुकान में दोपहर करीब 12 बजे आग भड़क उठी, जिससे आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और तेजी से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। अग्निशमन अधिकारी राजेश जयपाल ने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल वाहन को बिना देरी के रवाना किया गया। भीषण गर्मी और चुनौतीपूर्ण हालात के बावजूद टीम ने मौके पर पहुंचकर तत्परता से आग बुझाने का कार्य शुरू किया। आग पर काबू पाने के लिए पानी, होजरी पाइप और अन्य आधुनिक उपकरणों का प्रभावी उपयोग किया गया।

# हनुमानगढ़ में घरेलू गैस सिलेंडर में आग लगने से पांच लोग झुलसे

## एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा घर में जांच के दौरान सिलेंडर में आग लग गई

- आग की चपेट से एजेंसी के दो कर्मचारी, गृह स्वामी, उनके भाई और भाभी आदि झुलस गए

**हनुमानगढ़, (निसं)।** टाउन क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर में आग लगने से पांच लोग झुलस गए। इनमें गैस एजेंसी के दो कर्मचारी भी शामिल हैं। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से तीन की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया गया है। यह घटना नई आबादी की गली नंबर दो में हुई। जानकारी के अनुसार नई आबादी निवासी मुकेश के घर में गैस सिलेंडर से लीकेज की समस्या आ रही थी। मुकेश ने इसकी शिकायत गैस एजेंसी में दर्ज करवाई थी। शिकायत के बाद एजेंसी के कर्मचारी सोहनलाल और रेशम सिंह सिलेंडर की जांच के लिए मुकेश के घर पहुंचे। जांच के दौरान अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आकर एजेंसी कर्मचारी सोहनलाल और रेशम सिंह के साथ-साथ गृह स्वामी मुकेश, उनके भाई विनय और भाभी डिंपल झुलस गए। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने घायलों को संभाला और उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया।

डॉक्टरों ने बताया कि रेशम सिंह, मुकेश और डिंपल की हालत गंभीर है, जिसके चलते उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। अन्य घायलों का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह हादसा सिलेंडर में गैस लीकेज के कारण हुआ। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए।

# गंगापुर सिटी में 'राम रसिया दंगल' में उमड़े लोग

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** ग्राम बूचौलाई में आयोजित राम रसिया दंगल में भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस भव्य आयोजन में भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

दंगल में विभिन्न कलाकारों ने भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां दी, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सरपंच बद्री गुर्जर और पंचायत समिति प्रधान मंजू गुर्जर के परिवार ने मानसिंह गुर्जर का 51 किलो की माला और चांदी का मुकुट पहनाकर भव्य स्वागत किया। मंच पर निवर्तमान सभापति शिवरतन अग्रवाल, एसडीएम बृजेंद्र मीना, पूर्व जिलाध्यक्ष भरत लाल मथुरिया, वरिष्ठ नेता सुरेश चंद जैन, संतोष मथुरिया, राम सिंह खटाना, ग्राम सरपंच हंसराज गुर्जर, पुखराज सलेमपुर तलवाड़ा, मिथलेश व्यास, नवल दनगस, ओमी कटारिया पार्षद सहित कई गणमान्य अतिथियों का सम्मान किया गया। मानसिंह गुर्जर ने इस अवसर पर कहा कि जनता का स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है, जो उन्हें समाज सेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने राम रसिया दंगल जैसे आयोजनों को सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखना और समाज में एकता व सद्भाव को बढ़ावा देना है। पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। कलाकारों की प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

# उदयपुर में दुकानदार के मोबाइल का पासवर्ड देख नगदी उड़ाई

**उदयपुर, (कासं)।** सलूबर जिले में ग्राहक बनकर आए बदमाशों ने बुजुर्ग दंपती के पास से पहले मोबाइल का पासवर्ड चुपके से देख लिया और फिर मौका पाकर मोबाइल चुरा लिया। इसके बाद आरोपियों ने उनके खाते से पासवर्ड का इस्तेमाल कर 18 हजार रुपए निकाल लिए। इस पूरी घटना का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

सीसीटीवी वीडियो में कैप लगाया हुआ बदमाश शातिर तरीके से मोबाइल को चोरी कर घटना के अंजाम देते हुए नजर आ रहा है, जबकि उसके साथ आया दूसरा युवक दुकान के गेट पर कुर्सी पर बैठा हुआ नजर आ रहा है जो मुंह पर मास्क लगाए है। घटना के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

जानकारी अनुसार बुजुर्ग सौभाग्यमल मालवी की शहर के चुंगी नाका स्थित अपनी जनरल स्टोर की दुकान है। वे अपनी पत्नी लेहरीबाई के साथ दुकान पर बैठे थे। घटना दो दिन पहले की है। जब अज्ञात युवक ग्राहक बनकर दुकान पर पहुंचे। उन्होंने कुछ सामान खरीदा और भुगतान ऑनलाइन करने का बहाना बनाया। बदमाशों ने दंपती से कहा कि उन्होंने पैसे ट्रांसफर कर दिए हैं और खाता चेक करने को कहा। जैसे ही सौभाग्यमल ने मोबाइल निकालकर बैलेंस चेक करने के लिए पासवर्ड डाला पास खड़े बदमाश ने चुपके से पासवर्ड देख लिया। इसके बाद बातों में उलझाकर काउंटर पर रखा मोबाइल लेकर मौके से फरार हो गए। दंपती को मोबाइल चोरी का अहसास होने से पहले ही बदमाशों ने मोबाइल का एक्सेस हासिल कर लिया। पासवर्ड पहले से होने के कारण उन्होंने खाते से करीब 18 हजार रुपए दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दिए। ठगी और चोरी का पता चलते ही बुजुर्ग दंपती हैरान रह गए। दंपती ने घटना की जानकारी अपने बेटे पवन कुमार मालवी को दी। बेटा दुकान पर पहुंचा और पूरा घटनाक्रम पता किया।



संडे ऑन साइकिल अब एक राष्ट्रीय आंदोलन बन चुका है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरित है, जिसके कारण देश के युवाओं में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ी है। प्रधानमंत्री मोदी ने फिट इंडिया का संदेश दिया है। **–मनसुख मांडविया**

**केन्द्रीय खेल मंत्री, फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 69वें संस्करण का नेतृत्व करते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## जोस बटलर

**जोस बटलर** ने अपनी टी20 करियर की एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। गुजरात टीम की सात विकेट से जीत में बटलर ने न सिर्फ अहम भूमिका निभाई, बल्कि दो बड़े रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिए हैं। रविवार को लखनऊ में खेले गए मुकाबले में एक बार फिर बल्लेबाजी का शानदार नजारा देखने को मिला, जहां जोस बटलर ने अपनी टी-20 करियर की एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। गुजरात टीम की सात विकेट से जीत में बटलर ने न सिर्फ अहम भूमिका निभाई, बल्कि दो बड़े रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिए हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** एशिया में क्रिकेट खेलने वाले देशों की संख्या काफी अधिक है, जिसमें एशियन क्रिकेट काउंसिल से संबद्ध 25 सदस्य देश शामिल हैं।

# आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को 18 रनों से दी करारी शिकस्त, पाटीदार का दिखा तांडव



मुंबई, 12 अप्रेल। आईपीएल 2026 में के 20वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने मुंबई इंडियंस को 18 रनों से हरा दिया है। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 241 रनों का विशाल लक्ष्य मुंबई के सामने रखा, जिसे मुंबई हासिल नहीं कर पाई। ऐतिहासिक मैदान पर दो बड़ी टीमों के बीच खेले जाने वाले मुकाबले में मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उनके इस फैसले को आरसीबी के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली और फिल साल्ट ने गलत साबित किया और पहले विकेट के लिए 120 रनों की साझेदारी की। फिल साल्ट को शार्दुल ठाकुर ने तब आउट किया जब वे 36 गेंदों में 6 छक्कों और 6 चौकों की मदद से 78 रनों पर खेल रहे थे। साल्ट के आउट होने के बाद कप्तान पाटीदार बल्लेबाजी के लिए आए और उन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हए महज 17 गेंदों में 53 रन बनाए। उन्हें मिच सैंटनर ने तब आउट किया जब वे 20 गेंदों में 53 रन बनाकर खेल रहे थे।

कोहली ने भी इस मैच में अच्छी पारी खेली लेकिन उनकी पारी धीमी रही। उन्होंने 38 गेंदों में 50 रनों की पारी खेली जिसमें 5 चौके और 1 छक्का शामिल था। टिम डेविड ने 16 गेंदों में 34 रन बनाए, जबकि जितेश शर्मा अच्छा फिनिश नहीं दे पाए और 9 गेंदों में 10 रन बनाए। शेफर्ड ने दो गेंदों में 2 रन बनाए। मुंबई इंडियंस की ओर से आज के मैच में सभी गेंदबाज महंगे साबित हुए और बुमराह भी विकेटलेस रहे। बोल्ट ने चार ओवर में 50 रन देकर एक विकेट लिया, जबकि बुमराह ने चार ओवर में 35 रन दिए और कोई भी विकेट हासिल नहीं हुआ। हार्दिक पांड्या ने 39 रन देकर 1 विकेट हासिल किया, जबकि शार्दुल ने 2 ओवर में 32 और मार्कडेंय ने 2 ओवर में 40 रन खर्चे। ठाकुर को 1 विकेट मिला। वहीं मिच सैंटनर की भी जमकर पिटाई हुई और चार ओवर में 43 रन देकर 1 विकेट हासिल किया।

# गुजरात ने लखनऊ को सात विकेट से हराया



लखनऊ, 12 अप्रैल। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 19वां मैच रविवार को लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। टॉस जीतकर गुजरात ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बीच खेले गए मैच में गुजरात ने लखनऊ की टीम को सात विकेट से हरा दिया।

लखनऊ की टीम ने पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में आठ विकेट पर 164 रन बनाए। जवाब में गुजरात टाइटंस ने 18.4 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ गुजरात के चार मैचों में 2 जीत और 2 हार के साथ चार अंक हो गए हैं। टीम अंक तालिका में पांचवें नंबर पर पहुंच गई है। लखनऊ की चार मैचों में यह दूसरी हार है। उसके भी चार अंक है और अंक तालिका में छठे नंबर पर स्थित है।

लखनऊ के खिलाफ 165 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात को सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल ने सधी शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने शुरुआती पांच ओवर में 45 रन बटोरे। टीम को साई सुदर्शन के रूप में पहला झटका लगा। सुदर्शन 14 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 15 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद शुभमन गिल ने तेजी से रन बटोरे और 33 गेंदों पर अर्धशतक जड़ दिया। उन्होंने जोस बटलर के साथ मिलकर 12वें ओवर तक टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। गिल के बाद जोस बटलर ने भी अर्धशतक जड़ दिया। गुजरात को कप्तान गिल के रूप में दूसरा झटका लगा। गिल 40 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाकर आउट हुए। गिल के बाद जोस बटलर भी 37 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 60 रन बनाकर आउट हो गए।

अंत में वाशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया ने टीम का और कोई विकेट नहीं गिरने दिया और टीम को आठ गेंद शेष रहते जीत दिला दी। सुंदर 13 गेंदों पर नाबाद 21 रन और तेवतिया ने 08 गेंदों पर नाबाद 10 रन बनाए।

लखनऊ की ओर से मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, दिग्वेश राठी ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले लखनऊ की बल्लेबाजी इस मैच में कुछ खास नहीं रही। एलएसजी ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 164 रन बनाए। टीम के लिए कोई बल्लेबाज अर्धशतक नहीं लगा सका। एडेन मार्करम ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। उनके अलावा निकोलस पूरन ने 21 गेंदों पर दो छक्कों की मदद से 19 रन बनाए।कप्तान ऋषभ पंत, अब्दुल समद और मुकुल चौधरी ने 18-18 रन बनाए। जॉर्ज लिंडे 16 रन, मोहम्मद शमी नाबाद 12 रन, मिचेल मार्श 11 रन और आयुष बदोनी ने नौ रन का योगदान दिया। गुजरात के लिए प्रसिद्ध कृष्णा ने शानदार गेंदबाजी की और चार विकेट लिए। वहीं, अशोक शर्मा ने दो विकेट और मोहम्मद सिराज तथा कगिसो रबाडा ने एक-एक विकेट हासिल किया।

## अंपायर से उलझने पर डीसी के बल्लेबाज राणा पर लगा जुर्माना



नई दिल्ली, 12 अप्रैल। दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज नीतीश राणा को अंपायर के साथ उलझने के चलते दंडित किया गया है। उन पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उनके खाते में एक डिमेरिट प्वाइंट भी जोड़ा गया है।

ये घटना चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मैच के 19वें ओवर के दौरान हुई, जब डीसी के खिलाड़ी ट्रिस्टन स्टब्स को ओवर के बीच ग्लव्स बदलने की अनुमति नहीं दी गई थी। इसी ओवर में स्टब्स अपना विकेट भी गंवा बैठे। इससे नाराज नीतीश को चौथे अंपायर के साथ बहस करते देखा गया। राणा पहले तीन मैचों में 15, 0 और 5 रन बनाने के बाद सीएसके के खिलाफ प्लेइंग-11 से बाहर थे। वह टीम के डगआउट में मौजूद थे। 19वें ओवर की शुरुआत में डीसी को दो ओवरों में 32 रनों की जरूरत थी और स्टब्स ही उनकी एकमात्र उम्मीद थे, जो 36 गेंदों पर नाबाद 60 रन बनाकर खेल रहे थे। उनका विकेट गिरने बाद डीसी को 23 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बयान के अनुसार नीतीश राणा पर उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

## भारतीय ट्वंटी-20 टीम में जगह नहीं मिली तो आंदोलन करेंगे, पूर्व क्रिकेटर ने अय्यर के लिए उठाई आवाज



नई दिल्ली, 12 अप्रेल। पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी ने श्रेयस अय्यर की जमकर तारीफ की है और साथ ही उनके भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम में शामिल ना होने को लेकर रोष भी प्रकट किया है। उन्होंने कहा है अगर अय्यर को जगह नहीं मिली तो हम उनके लिए आवाज उठाएंगे और आंदोलन करेंगे। आईपीएल 2026 के 17वें मुकाबले में पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ कप्तानी पारी खेलते हुए 33 गेंदों में 69 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 5 चौके और 5 छक्के जड़े और अपनी टीम की जीत को सुनिश्चित करते हुए नाबाद पवेलियन लौटे। श्रेयस अय्यर की शानदार पारी के बाद बड़े-बड़े दिग्गज उनकी तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं। उन्होंने इस तरह का इंपैक्ट अपनी बल्लेबाजी से डाला है कि अब उनके भारतीय टी-20 टीम में शामिल ना होने को लेकर भी बात होने लगी है।

**श्रेयस अय्यर के लिए मनोज तिवारी ने उठाई आवाज -** इसी सिलसिले में पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी ने श्रेयस अय्यर की जमकर तारीफ की है और साथ ही उनके भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम में शामिल ना होने को लेकर रोष भी प्रकट किया है। मनोज तिवारी ने तो यहां तक कह दिया है कि इतने शानदार प्रदर्शन के बाद भी अय्यर को भारतीय टी-20 टीम का हिस्सा क्यों नहीं बनाया जा रहा है और ऐसा लंबे समय तक होता रहा तो हम आंदोलन करेंगे। शो में बैठे वीरेंद्र सहवाग ने भी श्रेयस अय्यर के टी-20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम में शामिल ना करने पर हैरानी जताई है।

**विराट कोहली की ही राह पर हैं अय्यर -** क्रिकबज के यूट्यूब शो पर एसआरएच बनाम पंजाब किंग्स का मैच समाप्त होने के बाद चर्चा के दौरान मनोज तिवारी ने कहा कि "श्रेयस अय्यर का बल्ला इतना कंट्रोलोल्ड वे में स्पेशली रन चेस करने के समय इतना सिक्यर्ड लग रहा है बल्लेबाजी देख के मजा आ गया। हमने इसके पहले देखा है विराट कोहली को चेस मास्टर कहते हुए उनको सालों साल करते हुए देखा है बट ऑफ लेट श्रेयस अय्यर जिस तरह से चेस कर रहे हैं कैलकुलेटिव वे में इन अ कंट्रोलोल्ड वे में, वो दिन दूर नहीं है जब इसके बारे में भी वो चर्चा शुरू होगी।" तिवारी ने आगे कहा "ये उसी राह पे चल पड़े हैं जहां पे विराट कोहली कप्तानी करके रन चस करके मैच जीताते थे देश के लिए। जहां पे भी यह गए हैं कप्तानी अच्छा किए हैं, फाइनल्स तक पहुंचाए हैं तीन डिफरेंट टीमों के होके।"

**भारतीय टी-20 टीम में जगह नहीं मिली तो आंदोलन करेंगे -** उन्होंने अय्यर को एक सेल्फलेस खिलाड़ी बताया जो टीम के लिए किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। उनके टी-20 टीम में चयनित ना होने को लेकर तिवारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा, "अगर इसके बाद भी सिलेक्ट नहीं हुए टी20 इंडियन टीम में तो हम आंदोलन में उतरेंगे। हम आंदोलन करेंगे इसके लिए लड़ेंगे और कोशिश करेंगे कि इसकी जो सटीक जगह है जो डिजर्व करते हैं उसे मिलनी चाहिए। भारतीय टीम को एक ऐसा खिलाड़ी चाहिए जो कंट्रोलोल्ड वे में मैच जिताए नाबाद पारी खेल के।"

**सहवाग ने भी विश्व कप में शामिल ना किए जाने पर जताई हैरानी -** चर्चा के दौरान वीरेंद्र सहवाग ने श्रेयस अय्यर की जमकर तारीफ की। सहवाग ने अय्यर की मैच फिनिश करने की क्षमता और उनके भारतीय टीम में न होने पर अफसोस जताया। उन्होंने कहा, वो सरपंच साहब ने किया है आराम से 69 रन नॉट आउट बना के गए हैं, मेक श्योर किया कि मैच खत्म करके लेके जाओ, उससे पहले वाले मैच में भी ऐसा ही किया है। चयन पर हैरानी जताते हुए उन्होंने कहा, "मैं सरप्राइज ये था कि यार इनकी भी वर्ल्ड कप टीम में जगह नहीं बनी इतना बढ़िया खेलने के बाद। पिछली बार पंजाब को फाइनल तक लेके गए, कैप्टनशिप की स्किल्स हैं इनके पास, इतनी तगड़ी बैटिंग की इन्होंने मिडिल ऑर्डर में बट फिर भी इंडियन टीम के लिए जगह नहीं बना पाए ये एक अफसोस है।"

## पथिराना को श्रीलंका क्रिकेट से मिली एनओसी, जल्द जुड़ेंगे केकेआर टीम से



कोलकाता/कोलंबो, 12 अप्रैल। श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथिसा पथिराना को श्रीलंका क्रिकेट ने फिटनेस टेस्ट पास करने के बाद नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) दे दिया है। इसके साथ ही वे अब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से जुड़ने के लिए भारत आ सकेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पथिराना अपनी चोट से काफी हद तक उबर चुके हैं और 17 अप्रैल को टीम के साथ जुड़ने की संभावना है। हालांकि, उन्हें तुरंत प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किया जाएगा। केकेआर की मेडिकल टीम से अंतिम फिटनेस क्लियरेंस मिलने के बाद ही वे 19 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में चयन के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। पथिराना की वापसी केकेआर के लिए बड़ी राहत मानी जा रही है। टीम इस समय आईपीएल 2026 की अंक तालिका में निचले पायदान पर है। चार मैचों में तीन हार और एक मुकाबला बेनतीजा रहने के बाद टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। गेंदबाजी विभाग केकेआर की सबसे बड़ी चिंता बना हुआ है। चोट के कारण हर्षित राणा और आकाश दीप टीम से बाहर हैं, जबकि मुस्तफिजुर रहमान को टूर्नामेंट शुरू होने से पहले रिलीज कर दिया गया था। इसके अलावा स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भी फॉर्म में नहीं हैं। केकेआर ने अपने पहले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 220 रन का बड़ा स्कोर भी बचाने में नाकामी झेली। इसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उन्हें बड़ी हार का सामना करना पड़ा, जबकि लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ भी टीम जीत की स्थिति से मैच गंवा बैठी। पथिराना को पिछले आईपीएल ऑक्शन में 18 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। उन्हें इस साल की शुरुआत में टी20 विश्व कप के दौरान पिंडली में चोट लगी थी, जिसके कारण वे शुरुआती मुकाबलों में नहीं खेल सके। अब उनकी वापसी से केकेआर की गेंदबाजी को मजबूती मिलने की उम्मीद है, जिससे टीम टूर्नामेंट में वापसी की कोशिश करेगी।

## जिला क्रिकेट संघ दौसा द्वारा ग्रीष्मकालीन शिविर 15 अप्रेल से 15 दिन तक चलेगा

जयपुर, 12 अप्रैल। जिला क्रिकेट संघ सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला क्रिकेट संघ का ग्रीष्मकालीन शिविर दिनांक 15 04.26 से 30 अप्रैल 2026 तक प्रातः 6:30 से 11 बजे तक राजेश पायलट स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। सचिव बृज किशोर उपाध्याय द्वारा यह भी बताया गया कि नियमित चलने वाले शिविर में एक्सपर्ट कोचेज,फिटनेस ट्रेनर और योगा टीचर द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा प्रशिक्षण के अंतर्गत फिटनेस ,योगा , क्रिकेट की बारीकी और सभी खिलाड़ियों के प्रैक्टिस मैच करवाए जाएंगे शिविर के अंतर्गत आने वाले सभी खिलाड़ियों को अल्पाहार की व्यवस्था डीसीए द्वारा की जाएगी। 15 दिवसीय शिविर के अंतर्गत सभी आयु वर्ग अंडर 14,16 ,अंडर 19 , 23 और सीनियर एवं सभी कैटिगरी के खिलाड़ियों का आना अनिवार्य है ।

## यूनियन फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष चुने गये लोकेश कुमार सिंह साहिल



जयपुर, 12 अप्रैल। भारत के सबसे पुराने फ़ुटबॉल क्लब "यूनियन फ़ुटबॉल क्लब , जयपुर"(जो 139 वर्ष पुराना है , मोहन बागान , कोलकाता से भी पुराना) की नयी कार्यकारिणी के चुनाव क्लब मैदान पर सम्पन्न हुए । चुनाव में निर्विरोध रूप से लोकेश कुमार सिंह साहिल को अध्यक्ष , महिपाल स्वामी को सचिव , सनी सेबेस्टियन और अनिल शर्मा को उपाध्यक्ष , आशा को संयुक्त सचिव तथा भव्या राजावत को कोषाध्यक्ष चुना गया । नयी कार्यकारिणी का गठन आगामी 5 वर्षों हेतु किया गया है। नयी कार्यकारिणी ने क्लब की पुरानी प्रतिष्ठा को बहाल करने तथा क्लब को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने का संकल्प व्यक्त किया ।

## राजस्थान यूनाइटेड एफसी को कड़े मुकाबले में श्रीनिधि डेक्कन एफसी ने 2-1 से हराया



जयपुर, 12 अप्रैल। राजस्थान यूनाइटेड एफसी को डेक्कन एरिना में एक कड़े मुकाबले में श्रीनिधि डेक्कन एफसी ने 2-1 से हरा दिया। होस्ट टीम ने शुरुआत में ही बढ़त बना ली थी, लेकिन राजस्थान यूनाइटेड एफसी ने अनुशासन और इरादे के साथ जवाब दिया, और 77वें मिनट में नॉर्टे के गोल से कमी को कम किया। टीम ने बराबरी की तलाश में अटैकिंग प्रेशर बनाए रखा, और मैच के आखिरी हिस्से में हिम्मत और स्ट्रक्चर दिखाया। शफील के आउट होने के बाद दूसरे हाफ में मुकाबला और कड़ा हो गया, जिससे राजस्थान यूनाइटेड एफसी के खिलाड़ी दस रह गए। संख्या में कम होने के बावजूद, टीम ऑर्गनाइज़्ड रही और फुल-टाइम तक असरदार तरीके से मुकाबला करती रही। चेयरमैन केके टाक ने कहा यह एक कड़ा मुकाबला था, और हालांकि रिजल्ट निराशाजनक है, टीम ने जो फाइटिंग स्पिरिट दिखाई, खासकर मुश्किल हालात में, वह हौसला बढ़ाने वाली थी। हमें टीम पर भरोसा है और हमें भरोसा है कि वे आने वाले मैचों में मजबूती से जवाब देंगे। राजस्थान यूनाइटेड एफसी अब अपना ध्यान 19 अप्रैल को डेम्पो स्पोर्टिंग क्लब के खिलाफ उनके होम ग्राउंड, फातोर्दा स्टेडियम, गोवा में होने वाले मैच पर लगाएगी।

## अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग बॉल प्रतियोगिता में नेपाल को 5-0 से हराया



मदनगंज-किशनगढ़, 12 अप्रैल।। अंतराष्ट्रीय शूटिंग बॉल टेस्ट सीरीज में देश के होनहार खिलाड़ियों ने नेपाल को करारी शिकस्त देते हुए 5-0 से क्लीनशिप कर अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर परचम लहराया। जीत में किशनगढ़ की महिला खिलाड़ी रिया जोरम व पुरुष टीम खिलाड़ी सिद्धार्थ शर्मा का अहम योगदान रहा, इन दोनों होनहार खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर देश सहित क्षेत्र को गौरान्वित कर दिया। काठमांडू में 7 से 9 अप्रैल तक आयोज्य टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा, टीम इंडिया ने नेपाल के खिलाफ हर मुकाबले में दबदबा बनाए रखा और एक भी मैच गवाय बिना 5,0 से सीरीज अपने नाम की। ऐतिहासिक जीत का श्रेय किशनगढ़ की रिया और सिद्धार्थ दिया गया। कोच मोहम्मद शक्की मोहम्मद के अलावा खिलाड़ियों ने सुभाष क्लब किशनगढ़ में खेल चुके दोनों खिलाड़ियों का परम्परागत रूप से स्वागत अभिनंदन किया।

# मुख्यमंत्री व खेल मंत्री से आरसीए एडहॉक कमेटी ने मुलाकात कर जताया आभार : डॉ. मोहित





जयपुर, 12 अप्रैल। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव के अनुसार राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजस्थान में क्रिकेट के विकास , युवा खिलाडियों को आवश्यक सुविधाओं सहित उच्च स्तरीय क्रिकेट गतिविधियों व प्रतियोगिताओं में अपना प्रदर्शन दिखाने , राज्य क्रिकेट संघ के सभी विवादों को दूर कर वापस पटरी पर लाने की जो जिम्मेदारी नव गठित आरसीए एडहॉक कमेटी को दी है उसे सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए आरसीए एडहॉक कमेटी अथक प्रयास कर रही है। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव , सदस्य धनञ्जय सिंह खींवसर, आशीष तिवाड़ी, अर्जुन बेनीवाल, अरिष्ट सिंघवी ने आज राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से मुख्यमंत्री आवास पर मुलाकात कर उनका आभार जताया व उन्हें विश्वास दिलाया की उन्होंने जो राजस्थान क्रिकेट संघ को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की जिम्मेदारी नव गठित आरसीए एडहॉक कमेटी को दी है उसे हम सभी अपने अथक प्रयासों से न केवल पूर्ण करेंगे साथ ही राज्य के युवा खिलाडियों के लिए सुद्रढ़ , उच्च स्तरीय व विकसित खेल ढांचा तैयार करेंगे जिससे खिलाडियों को सभी परिस्थितियों में व्यापक सहायता मिलेगी साथ हीआरसीए एडहॉक कमेटी ने खेल मंत्री कर्नल राज वर्धन सिंह राठौड़से मुलाकात कर उनका धन्यवाद दिया व उन्हें आरसीए एडहॉक कमेटी द्वारा राज्य में क्रिकेट के विकास व आरसीए खेल गतिविधियों के सम्बन्ध में लिए जा रहे निर्णयों के सम्बन्ध में अवगत कराया। आरसीए एडहॉक कमेटी अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अथक प्रयास कर रही है उसी कड़ी में शनिवार को कमेटी की तीसरी मीटिंग आयोजित की गयी थी जिसमे मुख्य रूप से जयपुर में आईपीएल के आयोजन में राज्य सरकार, राजस्थान रॉयल्स को पूर्ण सहयोगआरसीए का घरेलू क्रिकेट सत्र व क्रिकेट ऑपरेशन्स में सुधार ,जिला क्रिकेट संघों से समन्वय व लंबित कार्यों को दूर कर जिलों में सुविधाओं के विकास ,राजस्थान प्रीमियर लीग (आरपीएल) के आयोजन कीरुपरेखा,राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद से समन्वय, राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में राजस्थानका प्रतिनिधित्व कर शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों हेतुआरसीए अवार्ड समारोह, जयपुर में निर्माणाधीन आरसीए के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की समीक्षा सहित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। मीटिंग में मुख्य रूप से जिला क्रिकेट संघो के विवादों पर भी गहन चर्चा हुई व सभी विवादों को लीगल प्रोसेस को अपनाते हुए जल्द से जल्द सुलझा लिया जायेगा व उस प्रोसेस के तहतहनुमानगढ़ जिला क्रिकेट संघ के सम्बन्ध में न्यायालय के आदेशानुसार ही आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य अर्जुन बेनीवाल (सचिव, हनुमानगढ़ जिला क्रिकेट संघ) की वर्तमान कार्यकारिणी को ही समस्त अधिकार व जिला क्रिकेट संघ के संचालन की जिम्मेदारी दी गयी है जिससे हनुमानगढ़ जिला क्रिकेट संघ में अब कोई विवाद नहीं है आरसीए द्वारा उन्हें पूर्ण मान्यता प्रदान है।

## अर्जेंटीना दौरे के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम तैयार, आज पहला मुकाबला

नई दिल्ली, 12 अप्रैल। भारतीय महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना के अपने चार मैचों के दौरे के लिए पूरी तरह तैयार है। इस दौरे पर भारतीय टीम 13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना के खिलाफ चार मैच खेलेगी। हॉकी इंडिया के अनुसार भारतीय महिला टीम ने अर्जेंटीना रवाना होने से पहले बेंगलुरु में अभ्यास किया। तेलंगाना के हैदराबाद में आयोजित एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालिफायर्स 2026 में उपविजेता रहने के बाद टीम इस दौरे और बाकी पूरे साल भी उसी लय को बनाए रखने की कोशिश करेगी। कप्तान सलीमा टेटे की गैर-मौजूदगी में अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर इस दौरे के दौरान टीम की कप्तानी करेंगी। वहीं, भारत की अनुभवी गोलकीपर सविता की वापसी टीम के लिए एक बड़ा हौसला बढ़ाने वाली बात होगी। हाल ही में अपना 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली निक्की प्रधान, बेहद अनुभवी सुशीला चानू पुखरामबम के साथ मिलकर डिफेंस की कमान संभालेंगी। इशिका चौधरी, मनीषा चौहान, ज्योति और उदिता जैसी खिलाड़ी भी भारत की डिफेंस लाइन को और मजबूती देती हैं। वहीं, सीनियर टीम में जगह बनाने के बाद ललथंतलुंगी को भी अपनी काबिलियत साबित करने का मौका मिलेगा। इस दौरे पर सलीमा टेटे के न होने से, नेहा, वैष्णवी विट्ठल फालके और सुनेलिता टोप्पो के साथ मिलकर एक युवा मिडफील्ड यूनिट की कमान संभालेंगी। साक्षी राणा, ऋतुजा दादासो पिसाल, इशिका और दीपिका सोरेंग जैसी खिलाड़ियों को अपनी पहचान बनाने और शुरुआती लाइन-अप में अपनी जगह पक्की करने का मौका मिलेगा।

## स्लो ओवर रेट के चलते सीएसके कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर लगा 12 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली, 12 अप्रैल। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर 12 लाख का जुर्माना लगा है। उनके खिलाफ यह कार्रवाई शनिवार रात दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के चलते की गई है। आईपीएल के मुताबिक चेन्नई के एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 18वें मैच के दौरान सीएसके टीम ने धीमा ओवर-रेट बनाए रखा। चूंकि, आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 (जो न्यूनतम ओवर-रेट से जुड़े अपराधों से संबंधित है) के तहत यह उनकी टीम का इस सीजन का पहला अपराध था, इसलिए गायकवाड़ पर 12 लाख का जुर्माना लगाया गया।

# नारी शक्ति अधिनियम से नीति निर्माण में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ेगी- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं को अधिनियम पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित किया

जयपुर, 12 अप्रेल। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए संसद में ऐतिहासिक 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम'पारित होने के बाद दोनों सदनों में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश व प्रदेश की मातृशक्ति को लाभान्वित किया है।

■ मुख्यमंत्री निवास पर रविवार को आयोजित कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग, मुख्यमंत्री कार्यालय, फिक्की, सीआईआई, उद्योग, शिक्षा, मीडिया, पुलिस, मेडिकल, सामाजिक कार्यकर्ता, सोशल मीडिया इन्फ्युएंसर सहित विभिन्न सैक्टर्स से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर "नारी शक्ति वंदन" अधिनियम पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं को नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम के लागू होने पर नीति निर्माण में महिला नेतृत्व की हिस्सेदारी बढ़ेगी, जिससे विकसित भारत 2047 की यात्रा में महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित होगी। उन्होंने अधिनियम को लेकर मातृशक्ति से समाज में जनजागृति फैलाने में सक्रिय भूमिकानिभाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि राज्य में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का गठन कर प्रभावी संचालन किया जा रहा है। प्रदेश में मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना से महिला उद्यमियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं, दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत, पांच रुपये प्रति लीटर अनुदान से महिलाएं सशक्त बन रही हैं। कार्यक्रम में महिलाओं को केन्द्र एवं राज्य सरकार की ओर से महिला सशक्तीकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, मुख्यमंत्री कार्यालय, फिक्की, सीआईआई, उद्योग, शिक्षा, मीडिया, पुलिस, मेडिकल, सामाजिक कार्यकर्ता, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सहित, विभिन्न सेक्टर्स से जुड़ी महिलाएं उपस्थित रही।

# पाकिस्तानी सेना ने बलोचिस्तान के नुश्की शहर की घेराबंदी की

इस्लामाबाद, 12 अप्रैल। पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने अशांत प्रांत बलोचिस्तान के नुश्की को चारों ओर से घेर लिया है। आसमान पर सेना के विमान मंडरा रहे हैं। सुरक्षाबलों ने नुश्की जिले की सारी सीमाओं पर नाकाबंदी कर आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया है। चोरी-छुपे शहर से बाहर निकलने की कोशिश करने वालों पर गोलियां बरसाई जा रही हैं। प्रांत के मुस्तांग में सशस्त्र हमले में पाकिस्तान सेना के अनेक जवानों के मारे जाने और कइयों के घायल होने की सूचना है।

■ बलोचिस्तान लिबरेशन फ्रंट ने मुस्तांग क्षेत्र में पाकिस्तान सेना के कई जवानों को मार गिराया

'द बलोचिस्तान' पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने नुश्की शहर के प्रवेश और निकास द्वारों पर भारी घेराबंदी कर दी है। बाजार पूरी तरह बंद है। प्रवेश द्वारों को अवरुद्ध करके किसी को भी अंदर या बाहर जाने की अनुमति नहीं है।

## अमरनाथ ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

की जाएगी। तीर्थयात्रा दो मार्गों से शुरू होगी, जिसमें पहला अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग और दूसरा गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर छोटा, लेकिन तीव्र बालटाल मार्ग है।



कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने रविवार को करौली के कटकड गांव में पूर्व विधायक लाखन सिंह के पुत्र तरुण सिंह के प्रीतिभोज कार्यक्रम में शिरकत की।

# सचिन पालयट ने करौली के पूर्व विधायक लाखन सिंह के पुत्र की शादी समारोह में शिरकत की

## पायलट के पहुँचने पर आतिशबाजी और शहनाई वादन के साथ उनका भव्य स्वागत-सत्कार हुआ

-कार्यालय संवाददाता-

करौली, 12 अप्रैल। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने रविवार को करौली के कटकड गांव में पूर्व विधायक लाखन सिंह के पुत्र तरूण सिंह के प्रीतिभोज कार्यक्रम (माढा) में शिरकत की। पायलट के पहुंचने पर पूर्व विधायक ने आतिशबाजी की और शहनाई वादन से अगवानी की। लाखन सिंह के पुत्र का विवाह 26 अप्रैल को होगा। सचिन पायलट ने तरूण को विवाह की शुभकामनाएं दी और आशीर्वाद दिया। इस विवाह समारोह में खास बात यह रही कि, ग्रामीण परंपरा के अनुसार गायक कलाकारों ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार और भाजपा सरकार पर देसी गीतों के माध्यम से जमकर कटाक्ष सुनाए।

करौली से वापस जयपुर लौटते समय, सचिन पायलट का काफिला जब लालसोट इलाके से गुजरा तो उनके स्वागत के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों का भारी लवाजमा उमड़ पड़ा। पायलट का काफिला यहां से गुजरते ही सियासी शक्ति प्रदर्शन में तब्दील हो गया। लालसोट सीमा पर पीसीसी सदस्य कमल मीणा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता जुटे और जगह-जगह भव्य स्वागत द्वार बनाकर पायलट का जोरदार अभिनंदन किया। युवा कार्यकर्ताओं में सबसे ज्यादा जोश नजर आया। इस दौरान एडवोकेट सुदीप मिश्रा, श्यामसुन्दर मिश्रा, पूर्व प्रधान नाथूलाल मीणा, पूर्व सरपंच दीपक पटेल, रामविलास खेमावास, हेमराज सरपंच, भव्या व्यास सहित, सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

■ करौली से वापस जयपुर लौटते समय पायलट का काफिला जब लालसोट से गुजरा तो हजारों समर्थकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

पूर्व विधायक लाखन सिंह के पुत्र के प्रीतिभोज कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, उपनेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, करौली धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव, दौसा सांसद मुरारी लाल मीणा, विधायक इंदिरा मीणा, रोहित बोहरा, संजय जाटव, अनीता जाटव, घनश्याम मेहर व कई कांग्रेसी नेता भी पहुंचे।

इनके अलावा भाजपा सपोटरा विधायक हंसराज मीणा, महुआ से भाजपा विधायक राजेंद्र मीणा, कांग्रेस जिला कांग्रेस कमेटी व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

# एआई वीडियो के नाम पर हिन्दुओं व मुस्लमानों को भ्रमित किया जा रहा है- ममता बनर्जी

## उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति का वीडियो है, वह उसकी सत्यता स्वीकार कर रहा है

बांकुड़ा, 12 अप्रैल। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) वीडियो विवाद ने राजनीतिक माहौल को और गर्म कर दिया है। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को बांकुड़ा के ओंदा में आयोजित चुनावी सभा में बिना नाम लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा।

दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया था कि 2026 के विधानसभा चुनाव में संभावित हार को देखते हुए तृणमूल कांग्रेस ने एआई की मदद से फर्जी वीडियो तैयार किया है। इस आरोप पर पलटवार करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि जिस व्यक्ति का वीडियो बताया जा रहा है, वह खुद उसकी सत्यता स्वीकार कर रहा है, जबकि कुछ लोग उसे एआई से बना बता रहे हैं।

■ प्रधानमंत्री मोदी ने एक चुनाव सभा में आरोप लगाया था कि विधानसभा चुनाव में संभावित हार को देखते हुए तृणमूल कांग्रेस ने एआई की मदद से फर्ज़ी वीडियो बनाया है।

हालांकि, उन्होंने सीधे नाम नहीं लिया, लेकिन यह विवाद हुमायूं कबीर से जुड़े वीडियो को लेकर है। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि मुस्लिम मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए बड़े स्तर पर साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ हिंदुओं को और दूसरी तरफ मुसलमानों को भ्रमित किया जा रहा है।

वास्तव में यह विवाद पिछले गुरुवार से शुरू हुआ, जब तृणमूल कांग्रेस ने हुमायूं कबीर और भाजपा के बीच कथित 'गुप्त समझौते' का आरोप लगाते हुए 19 मिनट का एक वीडियो जारी किया। पार्टी का दावा था कि वीडियो में कबीर भाजपा से 1000 करोड़ रुपये की मांग करते दिखाई दे रहे हैं, जिसमें से 200 करोड़ रुपये तत्काल देने की बात कही गई है और बदले में राज्य में भाजपा सरकार को समर्थन देने का आश्वासन दिया गया है।

## भाजपा ने शिवराज ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अंतिम फैसला लिया जाएगा।

भाजपा ने रविवार को जारी विज्ञिप्त में कहा कि पार्टी के संसदीय बोर्ड ने बिहार में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को केन्द्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। पार्टी ने उनके अनुभव और सबको साथ लेकर चलने की क्षमता को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। वे जल्द ही पटना पहुंच कर भाजपा विधायक दल की अहम बैठक की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री आवास पर आज भाजपा और जनता दल यूनाइटेड के विधायकों की बैठक बुलाई गई है।

उल्लेखनीय है कि जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने 10 अप्रैल को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली है, जिसके बाद वे सोमवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं।

■ बिहार के नये मुख्यमंत्री के चयन के संदर्भ में शिवराज सिंह भाजपा विधायक दल की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

## स्ट्रेट ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सकता है। यह कदम इस क्षेत्र के अमेरिका के कुछ सहयोगी देशों को भी नुकसान पहुंचाएगा।

लेकिन ईरान को फिर से बातचीत की मेज पर लाने के लिए यह एक छोटी कीमत हो सकती है। अगर ऐसा होता है, तो ईरान पहले की तुलना में ज्यादा दबाव में होगा।

## प्रसिद्ध ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सबसे ज्यादा स्टूडियो रिकॉर्डिंग करने वाली कलाकार के रूप में मान्यता देते हुए गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में उनका नाम दर्ज किया गया। वर्ष 2021 में उन्हें महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार से नवाजा गया। इसके अलावा, उन्हें आईआईएफए, बीएफजेए और कई अन्य प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया और डॉक्टरेट की तीन मानद उपाधियां प्रदान की गयीं।

## होर्मुज़ पर टोल ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

और रोकने की प्रक्रिया शुरू करेगी और टोल देकर होर्मुज़ से गुजरने वाले जहाजों को भी अमेरिकी नौसेना रोकेगी। उनका कहना है कि जब तक पूरी तरह भरोसेमंद स्थिति नहीं बनती, तब तक यह कदम जारी रहेगा।

ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरान यह कहकर अस्थिरता पैदा कर रहा है कि समुद्री रास्तों में कहीं बारूदी सुरंगें (माइन) हो सकती हैं, जिससे जहाज मालिक जोखिम लेने से डर रहे हैं। उनके अनुसार, इसी वजह से अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने इस स्थिति को वैश्विक दबाव और ब्लैकमेलबताया और कहा कि कोई भी देश, खासकर अमेरिका, इस तरह के दबाव में नहीं आएगा। ट्रंप ने साफ कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी देश इस पूरे मामले पर सख्त नजर रख रहे हैं और जरूरत पड़ने पर आगे कदम उठाए जाएंगे।

## भाजपा ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सदन में उपस्थित रहने और संसद की कार्यवाही में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया है।

सूत्रों के अनुसार, यह विशेष संसद सत्र महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए बुलाया गया है।

सरकार का लक्ष्य इस ऐतिहासिक विधेयक पर व्यापक बहस और आगे की प्रक्रिया को तेज करना है।

# पटना-पुणे एक्सप्रेस से 167 मुस्लिम बच्चे रैस्क्यू किये

## मानव तस्करी की खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने कटनी रेलवे स्टेशन पर कार्यवाही की

कटनी, 12 अप्रैल। बिहार से महाराष्ट्र जा रही पटना-पुणे एक्सप्रेस से शनिवार देर रात 167 मुस्लिम बच्चों को मध्य प्रदेश के कटनी रेलवे स्टेशन पर रेस्क्यू किया गया। खुफिया सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई के बाद मानव तस्करी की आशंका जताई जा रही है। बाल कल्याण समिति और रेल पुलिस ने बच्चों को बाल सुरक्षा गृह में ठहराया है और मामले की जांच कर रही है।

दरअसल, शनिवार देर रात को महिला बाल विकास विभाग और आरपीएफ को एक सामाजिक संगठन से सूचना मिली कि पटना-पुणे ट्रेन से बड़ी संख्या में 7 से 15 वर्ष तक के बच्चों को महाराष्ट्र ले जाया रहा है और मानव तस्करी की आशंका है। मामले की गंभीरता को देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपीएफ, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और बाल सुरक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे। ट्रेन के कटनी स्टेशन पहुंचते ही, सभी बच्चों को ट्रेन से नीचे उतारकर अपनी निगरानी में लिया। ट्रेन से 167 बच्चे उतारे गए और उनकी काउंसलिंग की गई।

■ बच्चों के साथ मौजूद सद्दाम नामक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि वह 100 बच्चों को बिहार के अररिया से महाराष्ट्र के लातूर मदरसे में ले जा रहा था। उसने कहा कि वह 10 वर्ष से बच्चे लातूर ले जा रहा है।

आरपीएफ थाना प्रभारी ने बताया कि बच्चों के साथ मौजूद सद्दाम नामक व्यक्ति ने बताया कि वह इन बच्चों को बिहार के अररिया से महाराष्ट्र के लातूर स्थित मदरसे ले जा रहा था। उसके साथ 100 बच्चों का ग्रुप है, जबकि बाकी बच्चों को अन्य लोग लेकर जा रहे थे। खुद को लातूर मदरसे का शिक्षक बताने वाले सद्दाम का दावा है कि वह 10 साल से बच्चों को वहां ले जा रहा है तथा उसके मदरसे में हर विषय की शिक्षा दी जाती है। प्रशासन मामले की सच्चाई और कानूनी दस्तावेजों की जांच कर रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि 80 बच्चों को जबलपुर के बाल गृह और बाकी को कटनी के बाल गृह में रखा गया है। बच्चों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।

# फ़र्ज़ी दस्तावेज अपलोड करने वाला अस्पताल संचालक गिरफ्तार

जयपुर, 12 अप्रैल। मानसरोवर थाना पुलिस ने जालसाजी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक निजी अस्पताल संचालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी मरीजों के दस्तावेजों में काट-छांट कर, उन्हें आरजीएचएस (राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम) की साइट पर अपलोड करता था। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

थानाधिकारी लखन सिंह खटाना ने बताया कि, गिरफ्तार आरोपी डॉ. सोमदेव बंसल (45) पुत्र जगदीश बंसल निवासी समराथल, धौलपुर है, जो वर्तमान में श्याम नगर में रहकर मानसरोवर स्थित निविक हॉस्पिटल का संचालन करता है।

पुलिस के अनुसार सितंबर 2025 में एडवोकेट जितेंद्र शर्मा ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए अस्पताल में इलाज के दौरान लापरवाही से उनकी मां की मौत का आरोप लगाया था। इस मामले में कार्रवाई नहीं होने पर वकीलों ने हाईकोर्ट रोड जाम कर प्रदर्शन भी किया था।

# इस्लामाबाद वार्ता फेल होने ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

करना और होर्मुज़ स्ट्रेट पर उसके नए अधिकारों को मान्यता देना शामिल था।

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने 21 घंटे चली बातचीत के बाद कहा कि ईरान ने अमेरिका के अंतिम प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया, इसलिए कोई समझौता नहीं हो सका। उन्होंने आगे की बातचीत या भविष्य की योजना के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी।

अमेरिका चाहता था कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर प्रतिबद्धता दिखाए और होर्मुज़ स्ट्रेट को फिर से खोल दे, वहीं ईरान का मानना था कि हाल की स्थिति के बाद वह अब ज्यादा मजबूत स्थिति में है और बेहतर शर्तों पर समझौता कर सकता है।

अब ईरान के पास होर्मुज़ स्ट्रेट को लेकर बातचीत में मजबूत स्थिति है, जो पहले नहीं थी। वह अब खुद को ज्यादा ताकतवर मान रहा है और अंतरराष्ट्रीय मान्यता पाने की कोशिश कर रहा है, जो युद्ध में पहले नहीं थी। पहले वह जहाजों से शुल्क नहीं ले सकता था, लेकिन अब वह ऐसा कर रहा है।

पहले समझौते, जेसीपीओए, के बाद, जो बराक ओबामा के समय हुआ था, अंतरराष्ट्रीय समुदाय की ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर मजबूत पकड़ थी। लेकिन ट्रम्प ने दूसरी बार सत्ता में आने के बाद इस समझौते को खत्म कर दिया।

इस समझौते के तहत ईरान ने यूरेनियम संवर्धन को 3.6 प्रतिशत तक सीमित रखने पर सहमति दी थी, जो उसके शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम के लिए पर्याप्त था। जेसीपीओए समझौता खत्म होने के बाद, अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय समुदाय बहुत कमजोर स्थिति में आ गए और ईरान अब इस सीमा (3.6 प्रतिशत) का पालन करने के लिए बाध्य नहीं रहा।

ट्रंप के इस फैसले ने ईरान को अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया। अब वैंस की टीम इसे फिर से बदलने की कोशिश कर रही थी, जबकि ईरान बेहतर सौदा हासिल करना चाहता है।

वार्ता के इन मुख्य मुद्दों के अलावा, दो और विषय भी महत्वपूर्ण थे-ईरान की यह मांग कि उसे सैन्य हमलावरों से हर्जाना मिले, और उसके सहयोगियों, जैसे लेबनान में हिज़बुल्लाह तथा इराक के शिया समूहों को सुरक्षा मिले।

असल में, अमेरिका पहले ही लेबनान में हमले रोकने की ईरानी मांग मान चुका था। उसने इज़रायल को लेबनान में हमले रोकने का आदेश दिया, जिसे मानने के अलावा उसके पास अन्य कोई विकल्प नहीं था।

अब सवाल यह है कि आगे क्या होगा। क्या दो हफ्ते के युद्धिवराम के बाद अमेरिका-इज़रायल फिर से ईरान पर हमला शुरू करेंगे? अगर अमेरिका थक चुका है और सैन्य कार्रवाई से दूर रहता है, तो यह भी ईरान के लिए बड़ी जीत होगी। ईरान से बातचीत करने के लिए तैयार होकर, अमेरिका पहले ही एक बड़ी राजनीतिक जीत उसे दे चुका है। उसने उस सरकार को औपचारिक रूप से मान्यता दे दी, जिसे हटाने की बात वह पहले कर रहा था। कुछ नेताओं को हटाने के बावजूद, ईरान की सरकार अभी भी वही बनी हुई है, भले ही पहले से ज्यादा मजबूत नहीं दिख रही हो।

पूरी शांति वार्ता के दौरान, अमेरिका ने आँख बंद करके अपने सहयोगी पाकिस्तान के साथ कदम मिलाया, लेकिन ईरान पहले से तैयार था। अंत में, अमेरिका को उसी पुरानी सभ्यता वाले देश के सामने झुकना पड़ा, जिसे ट्रम्प पूरी तरह खत्म करने की बात कर रहे थे। आगे इसके परिणाम जरूर देखने को मिलेंगे। इस्लामाबाद वार्ता से एक साफ सबक मिलता है-अगर तैयारी पूरी न हो, तो नतीजे खराब ही होते हैं। एस जयशंकर शायद इस रविवार की शाम आराम से बैठे यह सब देख रहे होंगे।

## अमेरिका ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

ईरानी डेलीगेशन का भरोसा जीतने में नाकाम रहा। उन्होंने कहा अमेरिका ने हमारे तर्क और सिद्धांतों को समझ लिया है और अब उसके लिए यह तय करने का समय आ गया है कि वह हमारा भरोसा जीत सकता है या नहीं?

ईरानी संसद के स्पीकर बाघर ग़ालिबफ़ ने एक्स पर लिखा, हम हर माध्यम को सैन्य संघर्ष के साथ-साथ ईरानी राष्ट्र के अधिकारों की रक्षा हेतु अधिकार-आधारित कूटनीति को एक और तरीका मानते हैं।

# उदयपुर में 10 करोड़ रूपए की गांजे की अवैध खेती पकड़ी

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर से सटे देलवाडा क्षेत्र में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और एनसीबी की संयुक्त कार्रवाई में करीब दस करोड़ रुपए की गांजे की अवैध खेती का पर्दाफाश हुआ है। इस कार्रवाई को "ऑपरेशन गांजाजुली" नाम दिया गया, जिसमें पुलिस ने 5860 गांजे के पौधे बरामद किए हैं। यह कार्रवाई देलवाड़ा कैलाशपुरी रोड स्थित एक नामी पांच सितारा होटल के पास पहाड़ी क्षेत्र में की गई।

जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि, करीब छह बीघा निजी जमीन पर बड़े पैमाने पर गांजा उगाया जा रहा है। टीम ने मौके पर दबिश देकर पूरी फसल नष्ट कर दी। तस्करों ने चालाकी से गांजे की फसल को गेहूं के बीच उगाया था, ताकि किसी को शक न हो। खेत की बनावट ऐसी थी कि, यह ड्रोन से भी आसानी से नजर नहीं आता था। फसल की कटाई के बाद ही इसका खुलासा हुआ।

# कोलकाता का "भद्रलोक" ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कुछ हिस्सों में भी कुछ असंतोष देखा जा रहा है।

उनकी चिंताएँ ऐसे कई मुद्दों को लेकर हैं, जो राज्य में राजनीतिक बहस का हिस्सा रहे हैं, जैसे शिक्षा भर्ती घोटाला, राजनीतिक अभियानों में भ्रष्टाचार के आरोप, और निर्माण कार्य एवं स्थानीय ठेकेदारी में शामिल कथित सिन्डिकेट नेटवर्क की गतिविधियाँ। भद्रलोक समुदाय के बहुत से लोगों के लिए, इन विवादों ने वर्तमान प्रशासन के प्रति असंतोष पैदा किया है।

मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) ने एक और विवाद जोड़ दिया है। कुछ लोग तर्क देते हैं कि इस प्रक्रिया में हटाए गए नाम स्लम निवासियों या अल्पसंख्यक समुदायों पर असमान प्रभाव डालते हैं, जबकि अन्य लोग इसे अवैध घुसपैठियों, जैसे रेलवे कॉलोनियों या पुराने शरणार्थी इलाकों में रहने वाले बांग्लादेशियों, को लक्षित करने वाला मानते हैं।

प्रसिद्ध फिल्म निर्माता अरिंदम सिल ने कहा, "हम एसआईआर के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन अचानक इतनी बड़ी संख्या में नाम हटने को लेकर चिंतित हैं। बंगाली संस्कृति का क्षरण एक गलत धारणा है क्योंकि अभी भी अच्छी फिल्में बनाई जा रही हैं। टैगोर के गीत, नृत्य और पुस्तक मेले अभी भी होते हैं। लेकिन हटाए गए मतदाता को न्यायाधिकरण से सुनवाई नहीं मिल सकती। यह असंभव है।"

चित्रकार और प्रसिद्ध कलाकार समीर एच ने असहमति जताई और कहा "आरजी कर और संदेशखाली घटनाओं के बाद बंगाली संस्कृति पूरी तरह से क्षीण हो गई है। मैं किसी विशेष पार्टी का समर्थक नहीं हूँ, लेकिन एक रचनात्मक व्यक्ति के रूप में, मुझे लगता है कि पिछले 15 वर्षों में बंगाल ने अपना सांस्कृतिक गौरव खो दिया। वोट बैंक राजनीति बंद होनी चाहिए। एस आई आर अच्छा विचार है।"

सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी नज़रुल इस्लाम ने भी कहा, एस आई आर लागू करना एक अच्छा निर्णय था और राज्य में तृणमूल कांग्रेस सरकार ने राज्य के विकास मॉडल को "नष्ट" कर दिया है।

बनर्जी और तृणमूल ने तर्क दिया कि कई असली मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए हैं और यह कार्य केवल अल्पसंख्यक समुदायों को प्रभावित नहीं करता, बल्कि एक महत्वपूर्ण संख्या में हिंदू मतदाताओं को भी प्रभावित करता है।

ऐसे अनेक उदाहरण हैं कि अनेक अकादमिक शिक्षक, प्रोफेसर, कॉलेज छात्र और सरकारी कर्मचारियों को उनके नाम मतदाता सूची में नहीं मिले हैं। बहुत से लोगों के लिए रिकॉर्ड सुधारने और नाम दोबारा दर्ज कराने की प्रक्रिया जटिल साबित हुई। एस आई आर सत्यापन प्रक्रिया में कई फॉर्म भरना और पूछताछ के लिए उपस्थित होना आवश्यक है, जिसे कई नागरिक कठिन और तनावपूर्ण मानते हैं।

भाजपा ने इस आलोचना का मुकाबला किया और कहा कि मतदाता सूची संशोधन कई अन्य राज्यों में भी हुआ है, जैसे केरल, असम और तमिलनाडु, लेकिन बिना किसी राजनीतिक संकट के। पार्टी का कहना है कि पश्चिम बंगाल में विरोध प्रदर्शन मुख्य रूप से तृणमूल द्वारा भड़काए गए हैं।

**राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक**-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, **जयपुर कार्यालयः** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, **कोटा कार्यालय** : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, **उदयपुर कार्यालयः** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **बीकानेर कार्यालय** : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 **चूरू कार्यालय** : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908